तापमान

अधिकतम 28 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, रविवार, 6 जुलाई, 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



10 साइबर फ्रॉड रोकने जिले में 250 से ज्यादा डिजिटल क्रिएटर्स तैनात





11 क्रांतिकारी सुखदेव राज का स्मरण हम सबका सौभाग्य: सांसद बघेल









## खबर संक्षेप

### 13 सटोरिया को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाई।** अलग-अलग स्थानों पर पुलिस ने दबिश देकर 13 सटोरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सटोरियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि कोतवाली दुर्ग ने जुआ खेलने व खिलाने वालों पर कार्रवाई कर हटरी बाजार दुर्ग में दबिश दिया। जहां से पुलिस ने मो. नसीर , पांच बिल्डिंग दुर्ग मो. हनीफ, पटेल चौक सुरेश साहू, शफी अख्तर,डिपरापारा दुर्ग गौतम यादव, तकियापारा सुनील राव, ज्योति राव, फिरोज अली , इंदिरा कॉलोनी संजीव सोनी, पोटिया रोड शशि संेंद्रे, लुचकी पारा नाज बेगम, कसारीडीह खिलेश्वर यादव, पोलसायपारा मो. जहीर को पकड़ा गया। इनके पास से पुलिस ने कुल 18 हजार 430 रुपए जब्त किया है।

### दो हत्याकांड में पुलिस के हाथ खाली

**भिलाई।** पुरानी भिलाई और उतई थाना क्षेत्र में हुए हत्याकांड में पुलिस के हाथ खाली है। भिलाई तीन निवासी हितलेश मारकंडे की लाश श्रीराम सिटी के बाउंड्रीवाल के पास पड़ी मिली थी। घटना को गटना को 14 दिन बीत गए लेकिन आरोपी का कुछ पता नहीं चल पाया है। हितलेश भिलाई-चरोदा में निगम में श्रमिक के रुप में काम करता था। पुलिस आसपास के संदिग्ध किस्म के युवकों से पूछताछ किया। मगर पुलिस को कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है। आसपास में लगे सीसी कैमरों को भी पुलिस खंगाल रही है। संदेह जताया जा रहा कि मृतक किसी के साथ शराब पीया होगा लेकिन किसी बात को लेकर आपस में विवाद हुआ । उसके बाद आरोपी ने हत्या कर दी होगी। फिलहाल पुलिस जांच के बाद ही असली कारण का पता चल पाएगा। वहीं दूसरी घटना उतई थाना क्षेत्र का है। जहां राज कुमार यादव नामक युवक जो जंजगिरी के फार्म हाउस में श्रमिक के रुप में काम करता था। डुंडेरा मोरिद मार्ग में राज कुमार के सीने में धरदार हथियार मारकर हत्या कर आरोपी फरार हो गया। उक्त दोनों मामलों में आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है।

## शासन का फरमान बेअसर, अटैचमेंट में सेटिंग का खेल

# जेडी, डीईओ, बीईओ और प्रशासनिक कार्यालय में 25 से ज्यादा शिक्षा विभाग के कर्मचारी अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

राज्य स्थानांतरण नीति 2025 की दुर्ग जिले में धज्जियां उड़ रही है। तबादला नीीति के तहत शिक्षा विभाग के कर्मियों का किसी भी दफ्तर में अटैचमेंट खत्म करना है। लेकिन यहां अटैचमेंट का खेला जारी है। हैरत की बात है कि शिक्षा विभाग में ही गैर शिक्षकीय कार्य को लेकर हंगामा होता रहा है और यहीं सबसे ज्यादा अटैचमेंट है। संभागीय शिक्षा कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय और प्रशासनिक कार्यालयों में कर्मचारी अटैचमेंट में काम कर रहे हैं। राज्य ने यह साफ कर दिया है कि यदि कोई कर्मी या शिक्षक जिस स्थान पर अटैंचमेंट में हैं वह अपना तबादला वहां करवा सकता है लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इन चारों कार्यालयों में 25 कर्मचारी अटैचमेंट में हैं।

### स्थानांतरण नीति 2025 में अटैचमेंट समाप्त करने का हैं राज्य से निर्देश



### जानिए कैसे चल रहा है अटैचमेंट का खेल

#### संभागीय शिक्षा कार्यालय में 10 लोग अटैच

संभागीय शिक्षा कार्यालय में दस कर्मियों को अटैचमेंट में रखा गया है। जिसमें यशवन आर्दे , विजय देवांगन, आशुतोष हिरवानी, रोशनी ठाकुर, सनत राजपूत, के बसंती, पायल ठाकुर, पाटील,मुस्कान ठाकुर डिंपल गौतम शामिल हैं।

#### शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पांच लोग अटैच

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पांच लोग अटैचमेंट में रखे गए हैं। जिसमें कमलेश स्वर्णकार, राजदीप श्रीवास्तव , दीपक कुमार , रूपेश बंजारे और उप प्राचार्य श्रीमती पुष्पा पुरुषोत्तमन शामिल हैं।

#### ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में ये हैं अटैचमेंट

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय दुर्ग में चार कर्मचारी अटैंचमेंट में कार्यरत हैं। इनमें ओमेश्वर गंगाबोईर ,मनीष पटेल,अभिषेक यादव और स्वराज प्यून शामिल हैं। ये लोग दूरस्थ स्कूलों में पदस्थ हैं लेकिन सुविधा के लिए इस कार्यालय में संलग्न किए गए हैं।

#### कलेक्टर कार्यालय में ये कर्मी पदस्थ

कलेक्टर कार्यालय में शिक्षा विभाग के कर्मियों से काम लिया जा रहा है। जिमसें कमलेश मिश्रा, रजनीश महोबिया, वरूण गुप्ता, मयूर सोग्ले, कमलेश तिवारी, श्रद्धा तिवारी शामिल हैं। हाल यह है कि कर्मियों के साथ ही शिक्षा विभाग के कंप्यूटर जैसे संसाधन भी इस्तेमाल हो रहे हैं।

#### तबादले के पहले ही अटैचमेंट खत्म करने का था आदेश

राज्य के कंडिका 1.5 में यह आदेश है कि जितने जिला स्तरीय कर्मचारी सलंग्न हैं वह स्वयंमेव 5 जून 2025 से उनका अटैचमेंट समाप्त माने जाएंगे। आवश्यकतानुसार जहां किसी कर्मचारी की आवश्यकता है तो स्थानांतरण नीति के अनुसार तबादला किया जा सकता है। यह आदेश सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अविनाश चंपावत ने 5 जून को जारी किया है। जिला व राज्य स्तर पर तबादले पूरे हो चुके हैं लेकिन अटैचमेंट वहीं रखे गए हैं।

#### अटैचमेंट आवश्यक्ता कम एप्रोच ज्यादा

शिक्षा विभाग में अटैचमेंट कभी खत्म नहीं होता। इसलिए कि ज्यादातर अटैचमेंट वाले कर्मी या शिक्षक एप्रोच के बल पर दुर्ग जिले में काम कर रहे हैं। अटैचमेंट कर्मी धमधा, पाटन और दूरस्थ स्कूलों में पदस्थ है लेकिन जिला मुख्यालय में काम कर रहे हैं।

**आदेश जारी** अटैचमेंट में कोई भी शिक्षक व कर्मी नहीं रहेंगे। इसके लिए आदेश जारी कर दिया गया है। जहां काम कर रहे हैं वहां से जल्द ही अपने मूल स्थान पर आ जाएंगे।
-**अरविंद मिश्रा**, जिला शिक्षा अधिकारी

**आवश्यकता के हिसाब से हैं अटैच** मेरे कार्यालय में जरूरत के हिसाब से काम करने के लिए अटैच किए गए हैं। तबादले से कोई आएगा तो वे वापस भेज दिए जाएंगे। - **आरएल ठाकुर**, जेडी, शिक्षा संभाग दुर्ग

# गैंगस्टर नेपाली पर रासुका की तैयारी परिवार-रिश्तेदारों की संपत्ति होगी कुर्की

### नेपाली को पकड़ने तकनीकी टीम तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जिले में अपराध कर लंबे समय से फरार होने वाले गैंगस्टर दीपक नेपाली पर पुलिस रासुका (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) की तैयारी में जुट गई है। पुलिस की सारी प्रक्रिया लगभग पूरी कर चूकी है। जल्द इसके खिलाफ बड़ी कार्रवाई होने वाली है। मिली जानकारी के मुताबिक संगाम चौक कैम्प 1 सड़क 18 निवासी दीपक कुमार सिंह उर्फ दीपक नेपाली को पकड़ने के लिए पुलिस ने तकनीकी टीम और एसीसीयू की अलग टीम बनाई गई। इससे जुड़े अपराधियों की भी कुंडली पुलिस खंगाल रही है। साथ ही साथ गैंगस्टर दीपक नेपाली अपनी दबंगई दिखाते हुए हर किसी के साथ मारपीट, धमकी और रंगदारी का अपराध जिले के विभिन्न थानों में दर्ज है। पुलिस दीपक नेपाली को पकड़ने के लिए जगह-जगह पोस्टर लगातार सूचना देने वालों को 3 हजार का इनाम की राशि भी घोषित किया है। पुलिस इसके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की धारा की कार्रवाई दोबारा करने वाली है। दीपक नेपाली का नाम महादेव सट्टे में संलिप्ता पाए जाने पर कार्रवाई किया जा चुका है। वैशाली नगर पांडे मुहल्ला 18 नंबर रोड कैंप निवासी प्रदीप चौबे की पत्नी स्नेहा चौबे ने 21 मई की रात वैशाली नगर थाने में दीपक नेपाली, शुभम यादव उसके चाचा राम प्यारे यादव, राजा के खिलाफ जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने तीन को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इस पूरे घटनाक्रम का साजिशकर्ता गैंगस्टर दीपक नेपाली अब भी फरार है। पुलिस इस पर शिकंजा कसने के लिए लगातार दबिश दे रही है। दीपक नेपाली के पहचान, रिस्तेदारों तक का कुंडली खंगाल रही है। जिस मकान में निवास करता है उसका तक सारा डिटेल जुटा ली है।

#### कौन है दीपक नेपाली



पुलिस ने बताया कि गैंगस्टर दीपक नेपाली को जुलाई 2024 में हत्या के प्रयास की धारा 307 के मामले में दोषी पाते हुए दुर्ग न्यायालय ने 7 साल की सजा सुनाई थी। लेकिन जमानत पर रिहा होने के बाद सका आंतक कम नहीं हुआ बल्कि और भी बढ़ गया। दीपक वैशाली नगर थाने का वांटेड क्रिमिनल है। उसके पास गुंडे बदमाशों की लंबी फौज है, जिसके बल पर वह आए दिन मारपीट, धमकी जैसी वारदातों को अंजाम देता था। महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप का पैनल चलवाने मास्टर माइंड है। महादेव सट्टा ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर का इसके डायरेक्ट लिंक है। यह उसके लिए वसूली भाई का काम करता था। भरोसे में सौरभ को लेने के बाद खुद ही पैनल बाटने लग गया। और अच्छी खासी रकम कमा ली।

#### रासुका की कार्रवाई जल्द

“ रासुका की तैयारी है, जल्द इसके खिलाफ बड़ी कार्रवाई होगी। परिवार, रिश्तेदार के नाम पर संपत्ति की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस को उसके कई अहम सुराग हाथ लगे है। जांच के लिए अलग-अलग टीमे बनाई गई है।
- **विजय अग्रवाल** एसएसपी दुर्ग

#### भाई और रिश्तेदारों का संपत्ति की जांच

पुलिस के मुताबिक गैंगस्टर दीपक नेपाली के भाई नीरज, लुकेश के पास भी जितनी संपत्ती है। सारा डिटेल पुलिस जुटाने में जुट गई है। इसके अलावा उसके भिलाई-दुर्ग में जितने भी रिश्तेदार है सभी पुलिस के रडार में है। दीपक नेपाली अपनी कई संपत्ति दो -तीन साल से खरीदा है। जब महादेव सट्टा शुरु हुआ था तभी से दीपक नेपाली के ठाट-बाट बदल गया है। इसकी सारी संपत्ति कुर्की की तैयारी में पुलिस है। कई लग्जरी कारे भी होगी जब्त। पुलिस के पास गैंगस्टर दीपक नेपाली कई अहम सुराग पुलिस के हाथ लगे है।

## मेंटेनेंस के कारण नहीं खुले नल आज भी जल आपूर्ति प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



42 एमएलडी फिल्टर प्लांट के इलेक्ट्रिक मेंटेनेंस से जुड़े कार्य की वजह से शनिवार को शटडाउन लिया गया। बिजली आपूर्ति नहीं होने से रॉ वॉटर का ट्रीटमेंट नहीं हो सका। अधिकारियों ने बताया कि विद्युत सब स्टेशन में ऑउटडोर पैनल फिटिंग का काम होना था। सुबह के समय पेयजल आपूर्ति की गई, लेकिन शाम को प्रभावित रही। बारिश के दिनों में नमी के कारण बिजली सप्लाई प्रभावित होती है, इसे देखते हुए मेटेनेंस किया गया। इधर बघेरा, बोरसी, पोटिया की बड़ी पानी टंकियों में भी मेंटेनेंस से जुड़े कार्य किए गई। शटडाउन की वजह से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में 24 एमएलडी से सप्लाई होने वाली टंकी रायपुर नाका, पांच बिल्डिंग सिविल लाइन, बोरसी पश्चिम, बोरसी पूर्व, बोरसी उत्तर, बोरसी दक्षिण, पद्मनाभपुर, पोटिया, बघेरा, राजीव नगर, मठपारा, गया नगर रामनगर, सिकोलाभाठा, उरला, कातुलबोर्ड, गंजपारा, केलाबाड़ी, पुलगांव सहित अन्य शामिल हैं। मेंटेनेंस के बाद पानी का ट्रीटमेंट शुरू कर दिया है। बावजूद इसके 6 जुलाई के शहर के कुछ हिस्सों में सुबह के समय पेयजल की आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

- **एमआईसी प्रभारी शनिवार को फिल्टर प्लांट पहुंची**

## पटना के लिए मिली एक और स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए दुर्ग से पटना के बीच एक और साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन संख्या 08797 नंबर के साथ 07, 14, 21 एवं 28 जुलाई को दुर्ग से रवाना होगी। ठीक इसी प्रकार ट्रेन नंबर 08798 08, 15, 22 एवं 29 जुलाई को पटना से रवाना होगी।

प्रत्येक सोमवार दुर्ग से और प्रत्येक मंगलवार पटना से रवाना होगी। इस गाड़ी में 2 एसी-थ्री, 13 स्लीपर, 4 सामान्य, 2 एलआरडी सहित कुल 21 कोच लगाए गए हैं। ट्रेन दुर्ग से दोपहर 13.15 बजे रवाना होकर रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़, झारसुगड़ा, राउरकेला, हटिया, राँची, मुरी, बोकारो, छपरा, कतरासगढ़, धनबाद, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, मोकामा, बख्तियारपुर, राजेंद्र नगर टर्मिनल होते हुए अगले दिन दोपहर 15:30 बजे पटना पहुंचेगी। इसी प्रकार मंगलवार को पटना से शाम 17.15 बजे रवाना होगी। इसी मार्ग से होते हुए अगले दिन 22:35 बजे दुर्ग पहुंचेगी। इस ट्रेन में आरक्षण की सुविधा शुरू कर दी गई है। बता दें कि दुर्ग-भिलाई में पटना और बिहार के अलग-अलग शहरों की यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या बहुताया में है। इस वजह से इस मार्ग से गुजरने वाली अधिकांश ट्रेनें पूरे साल फुल चलती हैं। आरक्षण को लेकर दिक्कत बनी रहती है। इसे देखते हुए रेलवे ने इस ट्रेन को शुरू करने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन के शुरू होने से यात्रियों को देवघर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए भी एक अतिरिक्त ट्रेन मिल सकेगी।

- **रेलवे ने जारी किया नई स्पेशल ट्रेन का टाइम टेबल**

### डिजिटल अरेस्ट

## सीबीआई अफसर का झांसा देकर वृद्धा से 22 लाख ठगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई




डिजिटल अरेस्ट का झांसा देकर अज्ञात ने वृद्ध ले लाखों रुपए का ठगी किया है। घटना पदमनाभपुर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

- **पदमनाभपुर पुलिस कर रही है जांच, डिजिटल अरेस्ट का दिखाया डर**

पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि जोन 1 न्यू आदर्श नगर दुर्ग निवासी सुभाषिनी जैम्स को अज्ञात ने 1 जुलाई की सुबह उनके मोबाइल पर वाट्सएप काल किया। कॉलर ने स्वयं को मुम्बई पुलिस से सीबीआई आफसर होने का झांसा दिया। अज्ञात ने पीड़ित को खाते से हवाला का 6. 80 करोड़ रुपए जमा होना बताया गया। अज्ञात ने वृद्ध को पुलिस का डर दिखाया गया। मुंबई पुलिस जांच के लिए वृद्ध को मुम्बई आने को बोला। इसे सुनकर वृद्धा काफी डर गई। इसके बाद अज्ञात मे वृद्धा को विडियो काल के जरिए पुलिस अधिकारी का कपडे पहने व्यक्ति से बात कराई गई।

वर्दीधारी ने वृद्ध को सहायता करने का झांसा दिया। वृद्ध से अज्ञात पूछने लगा कि कौन से बैंक में उनका फिक्स डिपाजिट है। परेशान वृद्धा ने उसे बता दिया कि इंडियन पोस्ट बैंक में फिक्स डिपाजिट है। उसने फिक्स डिपाजिट तोडकर बैंक खाते में रुपए ट्रांसफर करने की सलाह वृद्धा को दी।

#### एफडी को तोड़कर दिए रुपए

डिजिटल अरेस्ट का डर देख पीड़िता ने इपने एफडी को तोड़कर आरोपी ने खाता धारक अजय जुनवई आईएफसीएस कोड ब्रांच अजमेर रोड बयावर नेहरु गेट राजस्थान में आरटीजीएस कर दिया। कुल 22 लाख रुपए वृद्धा ने खाते में ट्रांसफर कर दिया। शुक्रवार 3 जुलाई की दोपहर 3 बजे दोबारा आरोपी का मोबाइल पर फोन आया और फिर से रुपए की डिमांड की है। वृद्ध को ठगी का अहसास होने पर घटना की शिकायत पुलिस में की।

### रायपुर स्थित डिपों से सीधे किताब उठा सकते हैं निजी स्कूल

# जिले के 639 निजी स्कूलों को मिलेगी 9 जुलाई से किताबें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को किताबें नहीं पहुंचा पाने के बाद छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम ने निजी स्कूलों की वितरण व्यवस्था को बदल दी है। दुर्ग जिले के 639 निजी स्कूलों को अब 9 जुलाई से 13 जुलाई तक शासन की निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण योजना के तहत पुस्तकें बांटी जाएगी। इसके लिए निगम ने उरकुरा रायपुर स्थित डिपो को वितरण केंद्र बनाया है। पुस्तक परिवहन का खर्च निजी स्कूलों को स्वयं से वहन करना होगा। करीब 26 हजार विद्यार्थियों को पुस्तकें मिलने से राहत मिलेगी।

#### खास बातें

- शासन के निर्देश पर किताबें 13 जुलाई तक बटेंगी
- यू डाईस की संख्या के हिसाब से होगा वितरण



#### यू डाईस की दर्ज संख्या से मिलेगी किताबें

छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम ने निजी स्कूलों को किताबें यू डाईस में दर्ज संख्या के हिसाब से देगा। यू डाईस में सभी निजी स्कूलों ने अपने अपने कक्षावार विद्यार्थियों की दर्ज संख्या डाल रखी है। निगम मुख्यालय के एनआईसी प्रकोष्ठ द्वारा ऑनलाइन अपलोड किए गए डाटा अनुसार ही निगम के सभी वितरण डिपो प्रभारी सुनिश्चित करेंगे। स्कूलों की दर्ज संख्या में किसी तरह का परिवर्तन आता है तो उसकी विधिवत जानकारी संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध कराना जरूरी है।

#### छुट्टी के दिनों में भी मिलेगी किताबें

स्कूल 16 जून से शुरू हो गए है लेकिन विद्यार्थियों को किताबें नहीं मिल पाई है। इसलिए विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। मौजूदाहालात को देखते हुए रविवार या अन्य अवकाश के दिनों में भी पुस्तकें डिपो से बांटी जाएगी। छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम ने अलग-अलग शिक्षा संभाग के हिसाब से छह वितरण डिपो बनाई है।

#### डिपों परिसर में ही बार कोड स्कैनिंग

निजी स्कूलों को पुस्तक वितरण डिपो परिसर में ही बार कोड स्कैनिंग करने के बाद ही दिया जाएगा। सभी पुस्तकों में दो-दो बार कोड प्रिंट किया गया है। डिपो परिसर में निर्धारित ऐप के माध्यम से स्कैनिंग की जाएगी। उसके बाद ही निजी स्कूल के प्रतिनिधि को पुस्तकें ले जाने की अनुमति रहेगी। वितरण कार्य के लिए निगम ने अधिकारियों की विशेष ड्यूटी लगाई है।

#### पहली से दसवीं के विद्यार्थियों को मुफ्त किताबें

सरकारी स्कूलों की भांति गैर अनुदान प्राप्त और निजी स्कूलों को पुस्तक वितरण योजना में शामिल किया गया है। पहली से दसवीं के विद्यार्थियों को इस योजना में शामिल किया गया है। किताबें नहीं मिलने की वजह से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जिससे न केवल स्कूल प्रबंधकों की बल्कि पालकों को भी चिंता सताने लगी है।

### वॉक पर निकले वृद्ध को पिकअप ने ठोका, मौत



**भिलाई।** स्कूटी से मार्निंगवॉक पर निकले वृद्ध को पिकअप वाहन ने जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध कायम किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि गया नदर दुर्ग निवासी व्यवसाई रतनचंद संचेती 75 वर्ष अपनी स्कूटी से घर से निकले था। इस दौरान गंजपारा से पटेल चौक की ओर रतनचंद जा रहे थे। तभी पिकअप सीजी 07 बीक्यू 3909 ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में मौके व्यवसाई की मौत हो गई। खबर लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी परिजनों को लगने पर रो-रोकर बुरा हाल है।

### पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**9300663610, 7489348301**

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों ने रोपे मां के नाम पौधे

**दुर्ग।** पीएम श्री सेजेस बोरी धमधा में इको क्लब के छात्र छात्राओं ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधे रोपे। छात्रों के उत्साहवर्धन के लिए विद्यालय के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार पटेल, भाजपा मण्डल अध्यक्ष बीरबल सिंह पटेल, प्रभारी प्रचार्य गुलनाज बानोएगिरजा चौधरी, छाया सिंह, क्लब प्रभारी संगीता शाह, अरुण चौबे, प्रधानपाठक दीपिका बघेल सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं व स्टाफ उपस्थित थे।

### आरोपी की जमानत याचिका कोर्ट ने की निरस्त

**दुर्ग।** पीडिता की शिकायत पर पुलगांव थाने में अपराध क्रमांक 246/2025 धारा 296,74, 79, भान्यासं 2023 अपराध दर्ज मामले में अपर सत्र न्यायधीश अवध किशोर की कोर्ट ने आरोपी की जमानत को निरस्त कर दिया है। एनसीसी अधिकारी निलेश तिवारी पिता द्वारिका तिवारी उम्र 53 वर्ष कसारीडीह निवासी पर छेडछाड और अश्लील हरकत किए जाने और लगातार अश्लील हरकत किए जाने की शिकायत की गई थी। मामले में अधिकक्ता पक्ष ने आरोपी द्वारा पीडिता के शैक्षिणिक कैरियर प्रभावित किए जाने का पक्ष रखा। उन्होने कोर्ट से आरोपी को जमानत नही दिए जाने की पैरवी की थी। जिस पर कोर्ट ने आरोपी के जमानत याचिका को खारिज कर दिया हैं। मामले में पीडिता की ओर से प्रेम नारायण अधिवक्ता ने जमानत पर रिहा किए जाने पर आपत्ति जताई थी। बहरहाल आरोपी केनद्रिय जेल में निरूध्द है। मामले में अपर लोक अभियोजक पंकज बेलचंदन थे।

### उद्योग भवन में उप पंजीयक कार्यालय की होगी शिफ्टिंग

**दुर्ग।** उप पंजीयक कार्यालय में मॉडल ऑफिस का निर्माण कार्य शुरू होने के कारण इस कार्यालय को अस्थायी रूप से सीएसआईडीसी परिसर के प्रथम तल (उद्योग भवन) जीई रोड दुर्ग में स्थानांतरित किया गया है। जिला पंजीयक सुश्री प्रियंका श्रीरंगे ने बताया कि जिला पंजीयक कार्यालय एवं नकल सर्च पुराने भवन में ही संचालित होगा। मॉडल ऑफिस के निर्माण होने तक पंजीयन कार्यालय दुर्ग का संचालन नवीन भवन सी.एस.आई.डी.सी. परिसर के प्रथम तल (उद्योग भवन ) जी.ई. रोड दुर्ग में किया जाएगा।

**साइबर वारियर्स :** कला मंदिर सिविक सेंटर में आईजी रामगोपाल गर्ग ने दिए टिप्स

# साइबर फ्रॉड रोकने जिले में 250 से ज्यादा डिजिटल क्रिएटर्स तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिले में बढ़ते साइबर फ्रॉड के मामलों से निपटने के लिए अब पुलिस ने अनोखी पहल की है। इसके लिए 250 से ज्यादा डिजिटल क्रिएटर्स, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की मदद ली जाएगी। उन्हें पुलिस ने साइबर वॉरियर्स नाम दिया है। वे ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव को लेकर लोगों को सोशल मीडिया में अवेयर करेंगे। साथ ही पुलिस के साथ समय-समय पर बैठक कर सामने आने वाली समस्याओं से अवगत कराएंगे। ऐसे फ्रॉड करने वालों के बारे में जानकारी पुलिस को देंगे।

इसे लेकर शनिवार को कला मंदिर सिविक सेंटर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को रोकने और आम जनता को डिजिटल माध्यम से जागरूक करने को लेकर जानकारी दी गई। कॉल ऑफ द क्रिएटर्स नाम से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। ये सभी साइबर वॉरियर्स सोशल मीडिया के माध्यम से साइबर सुरक्षा पर जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे। आयोजन में आईजी रामगोपाल गर्ग प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्हें साइबर फ्रॉड से जुड़ी कई जरूरी जानकारियां साइबर वारियर्स को दी।

कला मंदिर सिविक सेंटर में कार्यशाला का आयोजन








### बचाव का जन जागरुकता की सबसे बड़ा उपाय

आईजी गर्ग ने कहा कि साइबर अपराधों से निपटने का सबसे प्रभावी तरीका जन जागरूकता है। जब आम नागरिक सतर्क होंगे, तभी साइबर अपराधियों की कोशिशें असफल होंगी। डिजिटल क्रिएटर्स के माध्यम से यह संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना आवश्यक है। एसएसपी विजय अग्रवाल भी कार्यक्रम में मौजूद थे। उन्होंने कहा कि यह पहली तकनीक है। समाज के बीच की खाई को पाटने की दिशा में एक सशक्त कदम है। साइबर वॉरियर्स के माध्यम से हम जन-जन तक यह संदेश पहुंचाएंगे कि सुरक्षित डिजिटल व्यवहार ही साइबर सुरक्षा की पहली सीढ़ी है।

### सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाओं के सहयोग से किया आयोजन

कार्यक्रम का आयोजन मेघगंगा ग्रुप और डिजाइनों टीम के विशेष सहयोग से किया गया। मेघगंगा ग्रुप के डायरेक्टर मनीष परख एवं डिजाइनों टीम से अजय रात्रे सहित उनकी पूरी टीम कार्यक्रम में सक्रिय रूप से उपस्थित रही। इस अवसर पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सुखनंदन राठौर, चंद्र प्रकाश तिवारी, नीलकंठ वर्मा, डॉ. संकल्प राय सहित अन्य मौजूद थे। सभी ने कहा कि दुर्ग पुलिस की यह अभिनव पहल निश्चित रूप से साइबर अपराधों की रोकथाम में एक मील का पत्थर साबित होगी।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान पर्यावरण की दिशा में नेक पहल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ एक पेड़ मां के नाम के तहत रोपे गए पौधे

एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम भिलाई-3, वार्ड-9 एकता नगर मुक्तिधाम रोड में किया गया। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल की धर्मपत्नी रजनी बघेल मौजूद रहीं। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री मोदी की महत्वाकांक्षी पहल एक पेड़ माँ के नाम जो की यह अभियान पूरे देश में पर्यावरण की दिशा में अनुकरणीय पहल है, पौधारोपण के साथ साथ पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए भी हमें सामूहिक प्रयास करना चाहिए तभी यह पौधे लगाना सार्थक होगा। पेड़ हमारे जीवन के लिए आवश्यक हैं और वे पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अभियान के माध्यम से हम न केवल अपनी माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करेंगे। बल्कि पर्यावरण को भी संरक्षित करने में योगदान करेंगे। कार्यक्रम में अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, भाजपा महामंत्री प्रेम लाल साहू, भाजयुमो महामंत्री उपकार चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष वरुण यादव, सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर, तुलसी ध्रुव पार्षद, संयोजक चंद्रिका यादव, सतीश साहू, दिलीप पटेल, पार्षद कुसुम विपिन चंद्राकर आदि मौजूद थे।




### कलेक्टर परिसर में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

दुर्ग। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र, विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं राज्य, जिला एनसीडी सेल, एनपीसीबी-वीआई (अंधत्व विभाग) सेल के सहयोग से मधुमेह जटिलता के लिए दुर्ग जिले के विकासखंड धमधा में चल रहे पायलेट प्रोजेक्ट डायबिटिक रेटिनोपैथी की जॉच स्वास्थ्य केन्द्रो में किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में स्वास्थ्य कैम्प किये जाने के निर्देश दिये गये थे, जिसके परिपालन में कलेक्टर कार्यालय के सभागार में समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 119 लोगों की स्क्रीनिंग की गई एवं 72 लोगों की डायबिटिक रेटिनोपैथी की जॉच हुई, जिसमें 02 संभावित मरीज पाये गये।

## दुर्ग शहर में बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने लगेंगे 435 नए विद्युत पोल

**दुर्ग।** शहर के विभिन्न वार्डों में विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने विधायक गजेन्द्र यादव ने पहल की है। नये बसाहट वाले क्षेत्र में लाइन विस्तार के नागरिकों की मांग को संज्ञान में लिए और दुर्ग शहर में 435 नये विद्युत पोल लगाने स्वीकृति दिलाई है। उन्होंने बिजली विभाग के सभी जोन के कार्यपालन अभियंता से निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में पर्याप्त रौशनी के लिए बिजली पोल लाइट व अन्य सुधार करने निर्देश दिए हैं, ताकि रात्रि में आने जाने में नागरिकों को परेशानी न हो। दुर्ग जिला मुख्यालय होने की वजह से जिलेभर से लोगों का देर रात आवागमन लगा रहता है।

विधायक गजेन्द्र यादव से मिलकर शहर के जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने बताया था की बहुत से ऐसे बस्ती एवं कालोनी निर्मित हुए हैं जहां अभी तक पोल व लाईन विस्तार नहीं होने से विद्युत व्यवस्था के सुचारु संचालन में व्यवहारिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है इस कारण विद्युत पोल सह लाईन विस्तार किये जाने की मांग की थी। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना के तहत दुर्ग निगम क्षेत्र विभिन्न वार्डों में लाइन विस्तार करने की मांग पर कुल 405 नये विद्युत पोल लगाने की स्वीकृति मिली है। शहर के आउटर में बने कॉलोनी में लाइन विस्तार की लंबित मांग पूरी हुई।



### 1374 पोल स्वीकृत

दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने विधायक गजेन्द्र यादव ने इसके पूर्व विधायक निधि से 40 लाख की राशि दुर्ग नगर निगम को प्रदान किये थे, जिससे बिजली पोल पर लाइट्स लगाए गए थे। साथ ही उरला क्षेत्र के नये कॉलोनी में बीते माह 67 पोल तथा मार्च महीने 702 पोल और 10 ट्रांसफार्मर लगाने भूमिपूजन किये थे।

## प्रभारी मेयर ने मुक्तिधाम में सफाई का किया निरीक्षण

■ कहा कचरा इधर-उधर न फैलाएं

**दुर्ग।** प्रभारी महापौर नरेंद्र बंजारे द्वारा स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल, पार्षद आशीष चन्द्राकर, सफाई दरोगा मनोहर शिंदे के अलावा सुपर वाइजर के साथ हरना बांधा मुक्तिधाम में साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। प्रभारी महापौर नरेंद्र बंजारे ने मुक्तिधाम में साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कदम उठाने और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुक्तिधाम परिसर के भीतर अनावश्यक झाड़ियों, गाजर घास को काटने के निर्देश दिए। उन्होने कहा मुक्तिधाम को स्वच्छ रखने में सहयोग करें और कचरा इधर-उधर न फैलाएं। प्रभारी महापौर ने कहा मुक्तिधाम एक पवित्र स्थान है और इसकी सफाई और स्वच्छता का ध्यान रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।



## बिजनेस साइट

### कमला मोटर्स में क्राप मास्टर 36 डब्ल्यू की डिलीवरी की गई



**दुर्ग।** कमला मोटर्स, गंजपारा दुर्ग में क्राप मास्टर 36 डब्ल्यू मिनी कंबाइंड हार्वेस्टर की डिलीवरी खरीदार पंकज वर्मा को की गई। उनके साथ पिता वीरेंद्र कुमार वर्मा रामगोपाल साह और ड्राइवर लकी साहू मौजूद थे। मुख्य अतिथि गौकरण साहू, प्रोपराइटर, देव मोटर्स अंडा थे। इस अवसर पर भजन सिंह, संचालक भवानी क्रेन, अंशु सिंह राजपूत, पदमेश जैन, सह-संचालक, कमला मोटर्स,सत्या चंद्राकर, सेल्स प्रमोटर, खेमचंद गुप्ता, शाखा प्रबंधक, किशोर निषाद, कनिष्ठ अभियंता आगंतुक नंदिता सामंत, डेमो टीम उपस्थित थे।

### निकायों का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ समापन




**दुर्ग।** गुरुग्राम के मानेसर में शहरी स्थानीय निकायों का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में देशभर से 500 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका पर मंथन और संवाद करना था। सम्मेलन के समापन समारोह के दौरान महापौर अलका बाघमार एवं समस्त जनप्रतिनिधियों को श्रीमद भगवत गीता भेंट देकर सम्मानित किया गया। महापौर ने इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के महानुभाव लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला व हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण को राष्ट्रीय स्तर पर इस आयोजन को लेकर ह्दय से धन्यवाद व्यक्त किया। जनप्रतिनिधियों ने सत्र में शहरी संस्थाओं के योगदान पर अनुभव सांझा किए गए। महापौर ने कहा स्वच्छता को नई दिशा मिलेगी, निकायों के आर्थिक संसाधनों में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा शहर नगर को स्मार्ट ही नहीं, बल्कि समर्थ, समावेशी और सतत बनाएं, ताकि विकसित भारत' का सपना केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि एक धरातलीय सच्चाई बन सके।



## खबर संक्षेप

### खपरी में गली सीमेंटीकरण



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत खपरी सिलोदा के अंतर्गत ग्राम खपरी में गली सीमेंटीकरण छत्तीसगढ़ राज्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण क्षेत्रीय विधायक ललित चंद्राकर की विधायक मद से होगा। गली सीमेंटीकरण कार्य की लागत राशि 11,50 लाख नारायण साहू के घर से नारद यादव के घर तक एवं रेख लाल साहू के घर से बेणीराम यादव के घर तक होगा। जिसका भूमि पूजन ग्राम पंचायत खपरी सिलोदा की सरपंच श्रीमती अनुसूईया नारायण साहू एवं पंचगणों ने किया ।

## निधन

### कमला बाई



**भिलाई।** शांति नगर भिलाई तीन निवासी श्रीमती कमला बाई (75) का निधन मंगलवार की रात को हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को स्थानीय मुक्तिधाम में कर दिया गया। वे स्वर्गीय फेकू राम सोनी की पत्नी, किशन सोनी, भुवनेश्वर सोनी, भागवत सोनी एवं बुधराम सोनी की माता थी।

### नितेश कुमार सिंह



**भिलाई।** सेक्टर 1 सड़क 11 क्वार्टर 2/ए निवासी नितेश सिंह (47 वर्ष) का निधन शुक्रवार की रात को हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को रामनगर मुक्तिधाम में कर दिया गया। वे स्वर्गीय संतराम सिंह, इंद्रावती देवी के बड़े पुत्र, हेमंत कुमार सिंह के बड़े भाई एवं पूर्वी सिंह व तेजस सिंह के पिता थे। उनके निधन पर विभिन्न समाज के लोगों ने शोक जताते हुए श्रद्धांजलि दी।




# मानस दर्शन में देखें किस भूमिका में हैं आप

## 25 दिवसीय निःशुल्क आन लाइन मानस व्याख्यान परिचर्चा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

मानस दर्शन जीवन अर्पण मानस परिक्रमा के तहत प्रथम चरण में 25 दिवसीय निःशुल्क आन लाइन मानस व्याख्यान परिचर्चा का समापन शनिवार को हुआ। विदित हो कि प्रतिदिन अलग अलग मानस टीम ने प्रसंग रखे। जामगांव आर के शिक्षाविद छन्नूलाल साहू और संतोष कुमार साहू ने प्रसंग में सहभागिता अदा की। संचालन महेश्वरी वर्मा कुशल मार्गदर्शन संतोष कुमार साहू ने किया।

शिक्षा विद छन्नूलाल साहू ने कहा कि मानस मानस की बात अंगीकार नहीं कर भोग एवं भौतिकतावादी दुनिया में कुछ मानवीय संवेदना एवं व्यवहार को ओझल किया जाने लगा है। हमें मानस को समझ कर अपनी भूमिका समझनी होगी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ स्तर पर रामायण प्रेमियों के द्वारा एक मानस परिक्रमा, संकल्पना की गई है जिसे मानस दर्शन - जीवन अर्पण नाम दिया गया है। राज्य स्तरीय 25 दिवसीय आनलाइन,नवोदित मानस व्याख्यान प्रशिक्षण कार्यशाला एवं परिचर्चा का निःशुल्क आयोजन किया गया है। इसका प्रथम चरण 11 जून से प्रारंभ हुआ है और 5 जुलाई को प्रशिक्षण का समापन हुआ।

वक्ताओं ने अपने मानस चिंतन से भारतीय सनातन धर्म के प्रत्येक पहलू को छुते हुए आध्यात्मिक महत्व का बखान किया। मानस की दोहा ₹ सेतु बांधि कपि सेन जिमि, उतरे सागर पार ₹ पर चिंतन प्रस्तुत करते हुए मानस व्याख्याकार छन्नूलाल साहू ने सेतु की आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि भगवान राम, कृष्ण और भगवान महावीर स्वामी अपने आप में सेतु थे। व्याख्याता हितेंद्र साहू ने बताया कि इस पहल से समाज मे वैदिक साहित्य एवं संस्कृति के प्रति लोगों लगाव बढ़ेगा। ऐसे आयोजन भविष्य मे अपने नए नए स्वरूप के साथ निरंतर जारी रहेगा।

### इन लोगों का सराहनीय साथ मिला

मानस परिक्रमा संकल्पना के इस अभियान मे नीलकंठ ठाकुर, वेदराम साहू, चैतराम साहू, पुनेश्वर साहू, कुंभकरण सिंहा, रामकुमार साहू, रविना रावटे, संदीप ठाकुर, हिमांचल साहू, माधोराम साहू, पीराराम शर्मा,आर के प्रजापति, रोहित देशमुख, त्रेता चंद्राकर, दामिनी साहू, महाराज निषाद, सरस्वती साहू एवं पटल पर प्रतिदिन जुड़ने वाले एक सौ से अधिक मानस कारों ने उपस्थिति प्रदान की।

## 52वीं पुण्यतिथि श्रद्धा सुमन अर्पित, सांसद-विधायक पहुंचे आश्रम

# आजाद के सहयोगी सुखदेव राज का स्मरण हम सबका सौभाग्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंडा में, भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ एवं ग्राम पंचायत अंडा के संयुक्त तत्वावधान में क्रांतिकारी सुखदेव राज की 52वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें दुर्ग सांसद विजय बघेल और दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने समाधि स्थल (आश्रम) पहुँचकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पेंशनर समाज व गांव के वरिष्ठ नागरिक जनों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर उनको याद किया।

सांसद विजय बघेल ने स्व. सुखदेवराज के देश के लिए कार्यों को याद करते हुए कहा आज हम ऐसी शख्सियत के पुण्यतिथि मना रहे हैं जिन्होंने देश की आजादी में अपना सर्वस्व न्यौछावर किया। उन्होंने कहा सुखदेव राज चंद्रशेखर आजाद के परम मित्र थे और उनके साथ पार्क में बैठे थे। अंग्रेज जब पार्क की घेराबंदी कर रहे थे तब चंद्रशेखर आजाद ने सुखदेव राज को पार्क से निकल जाने के लिए कहा। सुखदेव राज किसी तरह वहां से बच निकले पर अंग्रेज पुलिस के साथ मुठभेड़ में आजाद शहीद हो गए।

### चंद्रशेखर आजाद के सहयोगी रहे स्व. सुखदेव



### कुष्ठ रोगियों की सेवा में बिताया शेष जीवन




बताते हैं कि 1931 से 1963 तक सूखदेव राज पूरे देश में घूमते रहे। बाद में वे विनोबा भावे के संपर्क में आए तथा कुष्ठ रोगियों की सेवा करने लगे। विनोबा के कहने पर वे दुर्ग आए और जीवन के अंतिम समय में अंडा आकर कुष्ठ रोगियों की सेवा की उनका संपूर्ण जीवन मानव के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि ऐसे क्रांतिकारी का स्मरण करना हम सबका सौभाग्य है।

### अपना संपूर्ण जीवन मानव सेवा के लिए किया समर्पित

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा आज हम सब महान क्रांतिवीर चंद्रशेखर आजाद के परम मित्र सुखदेव राज को याद कर रहे हैं जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मानव सेवा के लिए लगा दिया। विनोबा भावे के संपर्क में आने के बाद अपने जीवन के अंतिम क्षणों में अंडा ग्राम में रहकर कुष्ठ रोगियों की सेवा में लगा दिए और 5 जुलाई 1973 को दुर्ग में अंतिम सांस ली। उन्होंने अपने क्रांति जीवन पर एक पुस्तक भी ज्योति जगी लिखी थी। यह पुस्तक नागपुर से प्रकाशित हुई थी। जिसमें सुखदेव राज के समग्र जीवन का उल्लेख है। इस अवसर पर साहित्यकार गुलबीर सिंह भाटिया ने सुखेदव राज के साथ बिताए दिनों को याद किया। पेंशन समाज अध्यक्ष बी के वर्मा ने सुखेदव राज की जीवनी पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर वीरेन्द्र नामदेव, प्राचार्य जामुलकर, महेश शर्मा, ग्राम अंडा के सरपंच दिग्विजय सिन्हा, जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, उपसरपंच यशवंत बंजारे, दिनेश्वर चंद्राकर, जयराम चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, शाला विकास समिति अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, लोकेश देवांगन, जीतू सिन्हा, प्रदेश महामंत्री पेंशनर महासंघ अनिल गुलहाने, प्रदेश सचिव टी. पी. सिंह, बी. एल. राजपाल, राजेश तिवारी, एच. एस. वर्मा तथा शाला परिवार के सदस्य एवं अनेक वरिष्ठजन ससम्मान उपस्थित रहे।




## खड़गे की आमसभा को लेकर कांग्रेस की बैठक में बनी रणनीति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

- कुम्हारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में आवश्यक निर्णय
- आमसभा में भागीदारी के लिए दी जिम्मेदारी

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की आगामी 7 जुलाई को रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में होने वाली ₹किसान-जवान-संविधान₹ जनसभा को लेकर कुम्हारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में प्रमुख रूप से छाया सांसद राजेंद्र साहू और ब्लॉक प्रभारी कौशल चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी की सहभागिता एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । इस दौरान ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, राजेश्वर सोनकर, मनहरण यादव, योगेश्वर पटेला, पीतांबर साहू, राकेश कुर्रे, रामसिंग पाल, रीना साहू, जानकी ध्रुव, संगीता कुर्रे, संगीता सुलतान, सीमा यादव, शांति टंडन, ऊषा वर्मा, विकास सोनकर, लेखराम साहू, डिकेन्द्र साहू, फुसनु कुर्रे, देवा साहू, देवेन्द्र साहू, जय धीवर, सोनू यादव, कमल कमलेशिया, दिलीप चौधरी, अशोक साहू, विजय वर्मा, गिरीश देवांगन, रामकुमार चक्रधारी, गोपी यादव, सागर निषाद, दीपक साहू, ढालसिंग मारकंडेय, छोटू अग्रवाल, अनिल वर्मा सहित बड़ी संख्या में कॉंग्रेस कार्यकर्ता की उपस्थिति रहीं।

## पीएम योजना के 72 हितग्राहियों दिए स्वीकृति पत्र



**कुम्हारी।** नगर पालिका परिषद कुम्हारी में शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी 2.0) के अंतर्गत 72 पात्र हितग्राहियों को मकान स्वीकृति पत्र-वितरित किए गए। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, पीआईसी मेंबर एवं पार्षदगण शामिल हुए। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष मीना वर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार के द्वारा शुरू की गई यह योजना देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्वाकांक्षी योजना में से एक है, जिसका उद्देश्य शहरी गरीबों को पक्के आवास की सुविधा प्रदान करना है। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार ने इस योजना के अंतर्गत 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी थी। इसी कड़ी में कुम्हारी नगर पालिका के 72 पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भवन अनुज्ञा दी गई है। जिससे वे जल्द ही अपने आवास निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाकर अपने सपनों के आशियाने को पूरा कर सकेंगे।

## अंचल व शहर की खबरें

### दरबार मोख़ली मंडल की भाजपा कार्यकारिणी घोषित



**सेलूद।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय, सांसद विजय बघेल ,जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक एवं मंडल अध्यक्ष ज्योति प्रकाश साहू ने दरबार मोख़ली मंडल की कार्यकारिणी घोषणा की है। दरबार मोख़ली मंडल की कार्यकारिणी घोषणा उपरांत मंडल के पदाधिकारी और सदस्यों ने पार्टी के शीर्ष नेताओं से मिलकर आभार प्रकट किया है। पदाधिकारी और सदस्यों ने सांसद विजय बघेल ,पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती रमशिला साहू और दुर्ग भाजपा के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक एवं जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू से मुलाकात कर धन्यवाद ज्ञापित किया और सभी ने पार्टी नेतृत्व के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर संगठन के लक्ष्यों को प्राप्त करने और नवनिर्मित दरबार मोख़ली मंडल को मजबूत कर पूरे समर्पण के साथ काम करने की बात कही। इस अवसर पर डॉ. सुरेश साहू,भागवत सिंहा, चंद्रिका साहू, आशीष बंछोर,नीलमणि साहू,राजू वर्मा,मुकुंद विश्वकर्मा, मोगन सपहा,योगेंद्र साहू,देवेंद्र साहू, अंगेश्वर सिंहा,गजेंद्र सिंहा,सरस्वती साहू, संगीता शर्मा,भगवती साहू,ज्योति ध्रुव,मुकेश साहू,मुन्ना पाल सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### एनसीसी कैडेट ने लगाए पौधे



**उतई।** शासकीय महाविद्यालय उतई में एक पेड़ मां के नाम के तहत एनसीसी कैडेट्स एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा पौधारोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र डॉ शुभा शर्मा ने कैडेट्स को शपथ दिलाई। एनसीसी ऑफिसर कैप्टन डॉक्टर अनसूया जोगी के नेतृत्व में औषधि एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर पी वसंत कला, डॉ रीता गुप्ता, डॉ सीमा अग्रवाल, प्रोफेसर रितेश नायक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### सेवा सरकारी निकुम में 100 पौधे लगाए



**निकुम।** सेवा सहकारी समिति निकुम में एक पेड़ मां के नाम पर धान खरीदी परिसर में 100 पौधे लगाए गए, जिसमें आम, बरगद , कदम, कटहल, नीम सहित छायादार और फलदार पौधे शामिल हैं। इस दौरान समिति अध्यक्ष निकुम भईया लाल साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य माधव प्रसाद देशमुख, वरिष्ठ चिमन देशमुख, स्व पुकेश्वर सिंह भारदिय कॉलेज निकुम अध्यक्ष सुरेश साहू सहित अतिथियों ने पौधारोपण कर सुरक्षा व देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर समिति प्रबंधक निकुम पारख दास साहू, अध्यक्ष भैया लाल साहू, सहायक प्रबंधक डुनेश कुमार निषाद, पूर्व जिला पंचायत सदस्य माधव प्रसाद देशमुख, पूर्व सरपंच सुरेश साहू, जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू, रमेश साहू, कृषि विस्तार अधिकारी अभिषेक आडिल, ढाल सिंह सारथी रोशन देशमुख, रोशन देशमुख और नारायण साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर लगाए पौधे



**सेलूद।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के तहत सेवा सहकारी समिति सेलूद जिला दुर्ग में शनिवार को वृहद वृक्षारोपण एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, पूर्व सरपंच खेमीन साहू, कृष्णा साहू, महामंत्री भाजपा मध्यपाटन लक्ष्मीनारायण चंद्राकर, पर्यवेक्षक समिति प्राधिकृत अधिकारी टामन लाल साहू, समिति प्रबंधक विनु साहू,अशोक यादव सेवानिवृत शिक्षक, रमेश देवांगन, महेश्वर बंछोर, राजकुमार मिश्रा, भानु साहू, कृषक रिखी राम, शंकर पटेल एवं सहकारी समिति के स्टाफ कर्मचारी रोमन दास वैष्णव, लीलेश्वर, जीतेन्द्र, सुरेश, हरिशंकर नेमन, धनेश्वर और चंद्रिका बंजारे उपस्थित रहे।

### सतनाम भवन का हुआ भूमिपूजन



**भिलाई।** ग्राम पंचायत मुर्रा जनपद पंचायत धमधा स्थित ग्राम पंचायत को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए बर्तन बैंक का लोकार्पण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे विशेष रुप से मौजूद थी। ग्राम पंचायत में विकास कार्यो के लिए अनुसूचित जाति प्राधिकरण से स्वीकृति सतनाम भवन का भूमिपूजन भी किया गया। जिसके साक्षी सरपंच ग्राम पंचायत मुर्रा भारती चंद्रवंशी , उप सरपंच यशोदा नेताम समेत पंचायत प्रतिनिधिगण, ग्रामवासी ग्राम मुर्रा ,सुरजीडीह मौजूद थे।

# ट्विनसिटी में शाम को हुई बारिश, तीन दिनों तक भारी बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

पिछले तीन दिनों से आसमान पर बदली छाई हुई है लेकिन बारिश नहीं के बराबर हो रही थी। शनिवार की शाम को ट्विनसिटी में बारिश हुई। मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों तक भारी बारिश का सिस्टम बनने के संकेत दिए हैं। दुर्ग जिले में 3 जुलाई तक 116.4 मिलीमीटर बारिश ही हो पाई है। जबकि पिछले साल यानी वर्ष 2024 में 228.4 मिलीमीटर बारिश हो चुकी थी। इस तरह अब भी 49 मिलीमीटर बारिश कम हुई है। जुलाई महीने में 106 प्रतिशत बारिश की संभावना जताई गई है। इसलिए किसानों की उम्मीदें इस महीने बनी हुई है।

## जून महीने में अपेक्षित बारिश नहीं होने के बाद अब जुलाई में अच्छी बारिश की उम्मीद

### बदली पूरे दिन पर बरस नहीं रहे बादल

जुलाई महीने की शुरूआत से अच्छी वर्षा होने का अनुमान लगाया गया था। आसमान पर बादल भी पूरे दिन छाते रहे। बादल आते और जाते लेकिन बरसे नहीं। दिनभर में कुछ ही देर के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में जरूर बारिश हुई लेकिन खंड वर्षा जैसे हालात दिखाई दिए। एक किलोमीटर हिस्से पर सड़क भींग जाती तो उससे आगे सूखे की स्थिति नजर आती। जिससे मानसून को लेकर किसानों में चिंता व्याप्त होने लगी है।



### 11.8 मिलीमीटर हुई बारिश

शनिवार को दुर्ग जिले में 11.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है। बारिश होने से अधिकतम तापमान में भी लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। 5 जून को दुर्ग जिले का अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जो सामान्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस कम रहा। इसी तरह न्यूनतम तापमान में भी गिरावट आई है। न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया है।

### इस तरह बन रहा मानसून का सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक मानसून की द्रोणिका समुद्र तल से श्री गंगानगर, भिवानी, आगरा,बांद्रा, पुरलिया होते हुए पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। दूसरा उत्तर-पूर्व मध्य प्रदेश और आसपास में चक्रवाती परिसंचरण 1.5 किमी तक बना हुआ है।तीसरा गंगीय पश्चिम बंगाल के उत्तरी भागों और आसपास क्षेत्रों में चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है और अब यह समुद्र तल से 7.6 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। जो ऊचाई के साथ दक्षिण पश्चिम की ओर झुक रहा है। इसके प्रभाव से अगले 24 घंटों के दौरान गंगीय पश्चिम बंगाल और आसपास के क्षेत्रों में एक निम्न दाब का क्षेत्र बन रहा है। चौथी द्रोणिका जब उत्तर-पूर्व अरब सागर से गंगीय पश्चिम बंगाल के उतरी भागों और आसपास क्षेत्रों के उपरोक्त चक्रवाती परिसंचरण तक उत्तर गुजरात , उत्तर मध्य प्रदेश, झारखंड से दक्षिण-पूर्व तक समुद्र तल से 3.1 किमी और 5.3 किमी तक ऊपर दक्षिण की ओर झुक रही है।

## खबर संक्षेप

### मोहर्रम पर अहमद नगर में रक्तदान शिविर

**भिलाई।** हर साल की तरह इस साल भी मोहर्रम के उपलक्ष्य में शोहदा एकर्बला की याद में अहमद नगर कैंप 2 में एक दिन का रक्तदान शिविर आयोजित है। इसमें 113 नौजवानों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस रक्त दान का मकसद मुश्किल वक्त में जरुरतमंदों से रक्त पहुंचाना है। रक्तदान शिविर के दौरान राज राईन, इम्तियाज खान, अजमतउल्ला, अज्जू सिद्दीकी, मतीन, आबिद, मोबीन, ईम्मू, जानू, शमीम, फ़य्यूम, हंसू उर्फ हंसराज मौजूद रहेंगे। आयोजन में शहर के एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर, डीएसपी नवी मोनिका पांडेय हौसला अफजाई करेंगी।

### पार्क में टूटे हुए झूलों की होगी मरम्मत

**दुर्ग।** शहर के प्रमुख गार्डनों में से एक दादा-दादी नाना-नानी पार्क में जल्द ही रौनक लौटेगी। गार्डन का कायाकल्प किया जाएगा। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। उद्यानिकी प्रभारी काशीराम कोसरे ने निरीक्षक अनिल सिंह, भोला महोबिया के साथ गार्डन का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने गार्डन से जुड़ी जानकारी ली। साफ सफाई रख-रखाव व्यवस्था पर विशेष ध्यान जनहित में जन सुविधा हेतु दिया जा रहा है। उन्होंने गार्डन के बाहर और भीतर गाजर घास की कटाई के निर्देश दिए। कोसरे ने कहा कि बारिश के बाद पार्क में बेहतर रंगरोहन व गार्डन को व्यवस्थित करने, टूटे हुए झूलो को मरमत के साथ साथ साफ साफ व्यवस्थाएं दुरुस्त सहित प्रकाश व्यवस्थाओ में ध्यान रखने को कहा गया है।

## बढ़ी लागत : तत्कालीन मंत्री के निर्देश पर 5 संभागों में मिली थी स्वीकृति

# ऑडिटोरियम में 8 साल पहले 13 करोड़ खर्च, 10 करोड़ और खर्चेंगे

### 2017 में शुरू हुआ था निर्माण, अब तक काम नहीं हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

वर्ष 2017 से अधूरे पड़े ऑडिटोरियम का फिर से निर्माण शुरू होगा। साइंस कॉलेज में निर्माणाधीन इस ऑडिटोरियम का निर्माण पूरा करने राज्य शासन द्वारा हाल ही में 10 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। राशि जारी होने के बाद पीडब्ल्यूडी ने वर्क आर्डर भी जारी कर दिया है। साढे सात सौ सीटर वाले ऑडिटोरियम के निर्माण से न सिर्फ कॉलेज प्रबंधन और छात्र बल्कि जिला प्रशासन को भी आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए नई जगह मिल जाएगी। वहीं शहरवासियों को भी इसकी उपयोगिता से बढी राहत मिलेगी।

जानकारी अनुसार वर्ष 2017 से साइंस कॉलेज में ऑडिटोरियम का निर्माण किया जा रह हैं। वर्तमान में यहां बिल्डिंग पूरी तरह से बनकर तैयार है। अफसरों के अनुसार अब तक 13 करोड़ रुपए भी खर्च हो चुके हैं। लेकिन शेष राशि नही मिलने के कारण निर्माण कार्य आठ साल से अधूरा था। उल्लेखनीय है कि इस अधूरे ऑडिटोरियम के निर्माण को लेकर कांग्रेस शासनकाल में शहरवासियों ने उम्मीद भी पाली थी। लेकिन कांग्रेस शासन में पांच साल तक यह राशि जारी नही की गई। बहरहाल साइंस कालेज प्रबंधन को विभिन्न कार्यक्रमों के लिए अन्य जगह व्यवस्था करनी पड़ती है। शहर में पिछले लंबे समय से ऑडिटोरियम की मांग हो रही थी। प्रशासन द्वारा प्रशासकीय कार्यक्रमों के लिए बीआईटी कॉलेज का



### रिवाइज्ड प्लान के चलते अटका रहा निर्माण

साइंस कॉलेज के ऑडिटोरियम निर्माण में देरी का सबसे बडा कारण प्लानिंग बदलना रहा। पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने पूर्व में 13 करोड़ रुपए खर्च कर चुके है। लेकिन बाद में फिर से प्लानिंग बनाई गई। जिसमें वीआईपी लाउज और बेसमेंट बनाने का कार्य जोडा गया। इस पर अब दस करोड़ अतिरिक्त राशि जोड़कर रिवाइज्ड प्लान तैयार किया गया था। इस पुनरीक्षित डिमांड को पिछले साल विधायक गजेन्द्र यादव की अनुशंसा पर पीडब्ल्यूडी विभाग ने राज्य शासन को भेजा था।

### देरी से 80 फीसदी बढ़ गई लागत

साइंस कालेज में निर्माणाधीन आडिटोरियम वर्ष 2021 तक बन जाना था। लेकिन इसे अब तक पूरा नही किया गया। इस आडिटोरियम के बन जाने से न सिर्फ कालेज प्रबंधन बल्कि शहर में विविध आयोजनों के लिए लोगों को राहत मिलती। निर्माण में देरी के चलते इसका निर्माण लागत भी अस्सी फीसदी तक बढ गया और वर्तमान स्थिति कबाड होने पर पहुंच गई थी। विभाग की माने तो आडिटोरियम में देरी होने का मुख्य कारण ड्राइंग डिजाइन को बार-बार बदला जाना है।

### आडिटोरियम में मिलेगी ऐसी सुविधा

पूराने ऑडिटोरियम में पुराने दिवारों के उपर फॉल सिलिंग, ऑडिटोरियम में एसी व ऑडिटोरियम के अंदर कैमरे और डीमर लाइट लगेगा। आडिटोरियम के अंदर प्रोजेक्टर में एक साथ साढे सात सौ सीट में छात्र प्रेजेंटेशन का लाभ ले सकते। इससे पढ़ाई से संबधित सभी प्रेजेंटेशन को दिखाया जाएगा। साइंस कालेज प्रबंधक द्वारा पढाई के उपयोग करने के आलावा, इसका उपयोग शासकीय व अशासकीय के रूप में भी होगा। दुर्ग में आडिटोरियम की कमी के चलते कार्यक्रम के लिए आयोजक भिलाई की ओर रूख करते थे।

### मिलेगी सौगात

पिछले आठ साल से ऑडिटोरियम का निर्माण अधूरा था। पूर्व में 13 करोड़ खर्च हुए थे। वर्तमान में दस करोड़ की मंजूरी मिलने के बाद ऑडिटोरियम को सर्वसुविधायुक्त बनाया जा रहा है। शहरवासियों को जल्द ही इसकी सौगात मिलेगी। **-गजेन्द्र यादव,** विधायक दुर्ग

### वर्कआर्डर जारी

साइंस कालेज में आडिटोरियम निर्माण के लिए दस करोड की राशि स्वीकृत हो गई है। रायपुर की ए न्यू कंट्रक्शन को टेंडर दिया गया है। जिसका वर्कआर्डर विगत 27 जून को जारी कर दिया गया है।
**-आशीष भट्टाचार्य,** ईई पीडब्ल्यूडी विभाग दुर्ग

# बारिश में मैदानी स्वास्थ्य अमला रहेगा तैनात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- स्वास्थ्य विभाग ने की बैठक में दिए गए निर्देश

वर्षा ऋतु में मौसमी बीमारियों को लेकर मैदानी स्वास्थ्य अमले की भूमिका को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को महत्वपूर्ण बैठक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 में हुई। जिसमें दवाओं से लेकर आवश्यक सामग्री, भर्ती मरीज करने, बेड की स्थिति और उपकरणों की जानकारी के मौजूदा स्थिति की समीक्षा की गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी ने सभी से वर्षा ऋतु में हल्का ताजा भोजन करने और बासी भोजन से बचने कहा। उन्होंने बताया कि सभी शासकीय अस्पतालों में सभी प्रकार की दवा ओर उपकरणों सहित जीवन रक्षक दवाएं उपलब्ध है, इसके लिए जागरूक रहना चाहिए सर्तक रहना ओर नीम हकीम से इलाज कराने से बचना चाहिए।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुनेश्वर कठौतिया ने बताया कि वायरल फीवर, टाइफाइड, डेंगू और उल्टी दस्त के प्रकरणों में बढ़ोतरी मिल सकतीं हैं इसलिए पानी उबालकर ठंडा होने पर उपयोग करें। ताजा भोजन करें बासी भोजन से उपयोग से बचें। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 के चिकित्सा अधिकारी डॉ शिखर अग्रवाल ने सभी लोगों से अपील की कि अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। पानी में अनावश्यक न भीगें, फल सब्जियां को धोकर पकाएं, किसी भी खुले में बिकने वाले सामान में मक्खियां और अन्य कीट बैठते हैं, जिससे रोग हो सकता है। सभी स्वास्थ्य केंद्र में डेंगू मलेरिया की निशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध है। शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई 3 के बी ई ईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि वर्षा ऋतु में जलजनित रोग टाइफाइड, बुखार, वायरल फीवर, उल्टी दस्त, डेंगू ओर विभिन्न संक्रमण रोग का प्रसारण होता है। लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। फील्ड के स्वास्थ्य कर्मचारियों के पास वर्षा जनित रोगों की दवाओ्ंर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। बैठक में सभी बुखार की जांच किट और डेंगू-मलेरिया की आवश्यकता की जानकारी ली गई।

# पहली काउंसिलिंग के लिए पंजीयन शुरू एग्रीकल्चर के लिए रजिस्ट्रेशन 13 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- हार्टीकल्चर के दो नए सरकारी कॉलेजों में

हार्टीकल्चर के दो नए सरकारी कॉलेजों में एडमिशन इसी सत्र से शुरू होगा। नए कॉलेज खुलने से 64 सीटें बढ़ गई है। बीएससी हार्टीकल्चर में एडमिशन के लिए पहले चरण की काउंसिलिंग शनिवार को शुरू हुई। इसके तहत 13 जुलाई तक पंजीयन किए जा सकेंगे। वहीं दूसरी ओर बीएससी एग्रीकल्चर में प्रवेश के लिए पहले चरण की कॉउंसिलिंग शुरू हो चुकी है। रजिस्ट्रेशन 11 जुलाई तक किए जा सकते हैं। इस बार प्री एग्रीकल्चर टेस्ट में 20 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इसके नतीजे पिछले दिनों जारी हुए। इसके आधार पर दोनों कोसे में प्रवेश होगा। इधर महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय पाटन से संबद्ध प्रदेश के 15 सरकारी और 4 प्राइवेट कॉलेजों में पिछली बार एडमिशन दिए गए थे। इस साल दो सरकारी कॉलेज सिलफिली अंबिकापुर और रायगढ़ में खोले गए हैं। इनमें इसी सत्र से एडमिशन होगा। इस तरह से कॉलेजों की संख्या 19 से बढ़कर 21 हो गई है। वहीं दूसरी ओर बीएससी एग्रीकल्चर के इस बार करीब हजार सीटों में प्रवेश दिया जाएगा। पहले चरण की काउंसिलिंग के लिए शेड्यूल जारी किया गया है। इसके अनुसार 5 जुलाई से 13 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन होगा।

### 32 एग्रीकल्चर कॉलेजों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू

इंदिरा गांधी कृषि विवि से संबद्ध प्रदेश में करीब 32 एग्रीकल्बर कॉलेज हैं। इनमें 25 सरकारी और 7 प्राइवेट हैं। यहां बीएससी की करीब 2 हजार सीटें हैं। इनमें प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस बार प्रवेश के लिए जो शेड्यूल जारी किया गया है, उसमें एक ही काउंसिलिंग का उल्लेख है। इस काउंसिलिंग के लिए 2 जुलाई से पंजीयन शुरू हो चुका है। 15 जुलाई को सीट आवंटित की जाएगी। 16 से 18 तक दस्तावेज परीक्षण होगा। इसके लिए छात्रों को कृषि महाविद्यालय रायपुर जाना होगा। आवंटित प्रोविजनल सीट को सुरक्षित रखने के लाएं 16 से 19 जुलाई तक फीस जमा करना होगा। पहले चरण की काउंसिलिंग की प्रक्रिया 25 जुलाई तक चलेगी। इसके बाद दूसरी काउंसिलिंग होने की संभावना कम है। जानकारों का कहना है कि सीटें खाली रहने पर बारहवी पास उन छात्रओं को भी प्रवेश का अवसर दिया जा सकता है, जो प्री एग्रीकल्चर टेस्ट में शामिल नहीं हुए थे।

# एयरफोर्स के जवान का तिरंगे में लिपटा शव पहुंचा दुर्ग, उमड़ा जनसैलाब



**दुर्ग।** तीन रोज पहले नैनीताल के भीमताल में डूबने से दुर्ग कैलाश नगर के प्रिंसराज यादव की मौत हो गई थी। शनिवार की शाम तिरंगा में लिपटा उसका पार्थिव शरीर दुर्ग पहुंचा। इस दौरान बड़ी संख्या में शहरवासी उनके अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल सहित अन्य ने भी परिजनों से मुलाकात कर दुख व्यक्त किया। बता दें कि दो साल पहले ही उसकी पठानकोट पंजाब में एयर फोर्स में नौकरी लगी थी। गुरुवार को परिताल से लगभग 2 किमी पहले मुसाताल में नहाते वक्त एयरफोर्स के दो जवान डूब गए। डूबने वाले दोनों युवक एयरफोर्स में कार्यरत थे। एयरफोर्स में तैनात चार दोस्त नैनीताल घूमने आये थे। प्रिंस कुमार (22 वर्ष) और उसके दोस्त साहिल कुमार (23) की डूबने से मौत हो गई थी। वे दो अन्य दोस्तों नयाल सौरभ सिंह (25) और बृजेन्द्र (25) के साथ पिकनिक मनाने पहुंचे थे।

# टाउनशिप का श्रमिक चौक भी संवर रहा...



भिलाई। इस्पात नगरी भिलाई की टाउनशिप की सड़कों और चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। सेक्टर-2 के श्रमिक चौक का भी मेंटेनेंस कराया गया। चौक को संवारा गया। बीएसपी अधिकारी पवन कुमार, उत्पल दत्ता, संदीप माथुर होने वाले कामों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि डायरेक्टर्स बंगले के समीप तालपुरी चौक, रुआबांधा के समीप पंथी चौक, बीआरपी के मार्ग पर तिराहे, बोरिया गेट के आगे, 30 एमएलडी ट्रीटमेंट प्लांट चौक, नेहरू नगर के समक्ष सेक्टर-8 के चौक का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही सेक्टर-8, सेक्टर-9 हॉस्टिल के समक्ष पं रविशंकर शुक्ल चौक, 25 मिलियन टन चौक सेक्टर-4, सेक्टर-10 रेल चौक का कार्य पूर्व में किया जा चुका है। सूर्य नमस्कार चौक का भी निर्माण कराया गया है।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का निर्णय, अधिकारियों की जिम्मेदारी तय

# रेलवे अंडरब्रिज में भरने वाले पानी की समस्या से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

- पानी निकालने उच्च क्षमता पंप का होगा उपयोग

शहर के रेलवे अंजर ब्रिजों में बारिश के समय पानी जमा हो जाता है। आने जाने वालों को इससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसे लेकर रेलवे ने नया इंतजाम किया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल ने मानसून के आते ही अंडर ब्रिजों में आने वाली दिक्कतों को लेकर गंभीरता दिखाई है। अंडर ब्रिज में जमा मिट्टी, कचरा, जल निकासी नालियों की गहन सफाई की गई है। जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए उच्च क्षमता के मोटर पंप का उपयोग रेलवे कर रही है। रायपुर रेल मंडल में करीब 52 रोड अंडर ब्रिज है। जिसमें से 9 रोड अंडर ब्रिज राज्य शासन द्वारा रखरखाव किए जाते हैं। 43 रोड अंडर ब्रिज पर रायपुर रेल मंडल ने ब्रिज की आवश्यकता अनुसार 5 हॉर्स पावर से लेकर 20 हॉर्स पावर के प्रत्येक रोड अंडर ब्रिज पर 2 पंप लगाए हैं। भिलाई दुर्ग में चंद्रा -मौर्या टाकिज, सुपेला प्रियदर्शनी परिसर, नेहरु नगर, सिरसा गेट आदि जगह पर बारिश में जल भराव की स्थिति निर्मित होती है। ब्रिज निर्माण करते समय ग्रेविटी फ्लो आफ वॉटर का ध्यान रखा जाता है। जिससे पानी अंडर ब्रिज में नहीं ठहरता फिर भी तेज बारिश के समय पानी भराव होने पर पंप की सहायता से उसे निकाला जाता है। जिससे रहागीरों को आवागमन में व्यवधान न हो एवं सुगम आवागमन संभव हो। सिरसा, सुपेला, भिलाई पावर हाउस, नेहरू नगर, रायपुर नाका, दुर्ग-दल्लीराजहरा क्षेत्र के रोड अंडर ब्रिज अन्य रोड में भी इसका उपयोग किया जा रहा है।

### ड्रेन प्रणाली से किया निरीक्षण

रेलवे ट्रैक पर स्थित ब्रिजों पर पानी के लेवल की पेट्रोलिंग करने के लिए, ट्रैक पैरामीटर को दर्ज करने के लिए इंजीनियर को निर्देशित किया गया है। मानसून में निर्बाध रेल सेवा सुनश्चिति करने के लिए सभी सेक्शनों के जलभराव वाले स्थानों, बोल्डर स्खलन होने वाले पहाड़ों, साइड ड्रेन, पुलों में पानी निकासी के रास्तों, पहाड़ों से आने वाली पानी के ड्रेन प्रणाली आदि का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा जलभराव वाले स्थानों पर पानी की निकासी के लिए पाइप लगाए गए हैं। सभी संवेदनशील स्थानों पर चौबीसों घंटे मोबाइल, स्थिर गश्ती दल तैनात किए गए हैं। ट्रैक सर्किट वाले क्षेत्रों में स्टेशन, यार्ड में क्रॉस नालियों की व्यवस्था की गई है।




### इन इंजीनियरों से कर सकते है संपर्क

रेलवे ने समस्या के निराकरण के लिए इंजीनियरों के नंबर भी जारी किए हैं। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर इंजीनियर अंजनी कुमार 8085614439, महेन्द्र 6263499105, हरमेश 9301505105, तुलसी 7089199694, राकेश 8103799271, संतोष 7974513020, चंदूलाल 9302331282, हरिकेश घृतलहरे 9399017611, छोटूराम 8719024691, सुभाष वर्मा 9630846603, गुलशन निषाद 9753558691, महेश यादव 9691546069, प्रदीप निषाद 9301926527, वेदप्रकाश 9826313770, गंगाधर 9669703300 के नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 6 जुलाई 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129





वर्कआउट को लेकर अपना अनुशासन खुद तय करें, रहेंगे हमेशा सेहतमंद

## लाइव इवेंट

## दवा विक्रेता मिले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा से, समस्याओं से कराया अवगत



■ ऑल इंडिया ऑर्गोनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात

**दुर्ग।** ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से उनके निवास स्थान पर बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश में मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल द्वारा नड्डा को देशभर के 13 लाख से अधिक लाइसेंस प्राप्त केमिस्टों को वर्तमान में आ रही चुनौतियों और नियामकीय समस्याओं से अवगत कराया गया। साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने जीएसआर 220 को निरस्त या संशोधन करने,ऑनलाइन दवा बिक्री पर प्रतिबंध लगाने, लाइसेंस प्राप्त केमिस्टों को उत्पीड़न से राहत दिलाने और अवैध दवा विक्रेताओं व गैर-लाइसेंसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की प्राथमिकता से मांग की गई। इस संबंध में सीसीडीए महासचिव अविनाश अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य सुधीर अग्रवाल, दुर्ग जिला दवा विक्रेता संघ अध्यक्ष वकार हसन, सचिव दीपक बंसल ने संयुक्त रूप से बताया कि ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) के प्रतिनिधिमंडल द्वारा विशेष रूप से जीएसआर 220 अधिसूचना का मुद्दा उठाया गया। नड्डा को बताया कि कोविड-19 महामारी के दौरान जीएसआर 220 लागू किया गया था, चूंकि वर्तमान में ऐसी किसी महामारी की कोई संभावना नहीं है। यह अधिसूचना अब अप्रासंगिक हो गई है। इसके बावजूद कुछ अवैध दवा विक्रेता इस नियम की आड़ में अनाधिकृत और अवैध गतिविधियाँ संचालित कर रहे हैं, जो कानून का उल्लंघन है। जन स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा भी है। उन्होंने बताया कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 तथा नियमावली में ऑनलाइन दवा बिक्री का कोई प्रावधान नहीं है। इसके बावजूद कुछ ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म बिना लाइसेंस के दवाओं की बिक्री कर रहे हैं, जो कि पूरी तरह अवैध और उपभोक्ताओं के लिए असुरक्षित है। प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष जगन्नाथ शिंदे, महासचिव राजीव सिंघल, संगठन मंत्री संदीप नंगिया, एआईओसीडी संयुक्त सचिव एवं सीसीडीए महासचिव अविनाश अग्रवाल, एआईओसीडी कोषाध्यक्ष अमित गर्ग, एआईओसीडी उपाध्यक्ष वैजनाथ जगुस्ते, हिमाचल प्रदेश केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष संजीव पंडित आदि मौजूद थे।

● विश्व जूनोज दिवस आजः जानवरों से मनुष्यों में फैलने वाली बीमारियों के प्रति जागरूकता जरूरी

# घरेलू और स्ट्रीट डॉग का बारिश के मौसम में रखें खास ख्याल, पेट्स का टीकारण जरूरी, मनुष्यों में संक्रमण का खतरा

विश्व ज़ूनोस दिवस 6 जुलाई को हर साल दुनियाभर में विश्व जूनोसिस दिवस के रुप में मनाया जाता है। जूनोस दिवस के अवसर पर आज कई जगहों पर जानवरों से मनुष्यों में फैलने वाली बीमारियों के प्रति जागरुता बढ़ाने और उनके रोकथाम के विभिन्न उपायों पर मंथन किया जाएगा।कुत्तों में कुछ वायरस बहुत खतरनाक होते हैं और उनसे मौत भी हो सकती है। कुत्तों में रेबीज, पार्वोवायरस और डिस्टेंपर वायरस विशेष रूप से घातक होते हैं। इन वायरस से बचाव के लिए टीकाकरण करवाना बहुत ज़रूरी है, खासकर पिल्लों के लिए। घरेलू और स्ट्रीट डॉग को लेकर इस मौसम में खास सावधानी बरतनी चाहिए। विश्व जूनोस दिवस पर पेट्स के लेकर हरिभूमि ने शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र दुर्ग प्रबंधक डॉ संजीव कुमार सिरमौर से खास बातचीत की। उन्होंने इस संदर्भ काफी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

संगीता मिश्रा

डॉ संजीव ने बताया कि जूनोटिक बीमारियों की रोकथाम के दिशा में काम करने वालों के लिए इस दिन का खास महत्व रखता है। डॉग्स में कुछ वायरस बहुत खतरनाक होते हैं और उनसे मौत भी हो सकती है। डॉग्स में रेबिज का पहला टीका पैदा होने के 90 दिन यानी 3 महिने में फिर एक महिने के अंदर और फिर हर साल एक बूस्टर टीका जरुरी होता है। पार्वोवायरस और डिस्टेंपर वायरस विशेष रूप से घातक होते हैं। इन वायरस से बचाव के लिए टीकाकरण करवाना बहुत ज़रूरी है, खासकर पिल्लों के लिए। यदि व्यस्क मां और कुत्ते का टीकाकरण करवाया जाता है तो नवजात पिल्लों में कुछ सप्ताह तक इस बिमारी के एंटीबाडी मिल जाते हैं। लेकिन नवजात को लगभग 30 दिन की उम्र में पप्पी डीपी का टीका जो कि डिस्टेमपर एवं पार्वो वायरस के संक्रमण दोनो से पिल्ले की रक्षा करता है वो जरुरी है।



### कुत्तों में रैबीज के लक्षण दो प्रकार से दिखाई देते हैं, यह है जानलेवा

चूंकि ये बीमारी जानवरों से फैलती है इसलिए यह बीमारी के लक्षण जानवरों में भी दिखाई देते है। जिसमें वे आक्रामक या शांत या फिर किसी भी अदृश्य वस्तु या व्यक्ति को देखकर भोंकना या रोते है।

### क्यों मनाया जाता है वर्ल्ड जूनोज डे क्या हैं जूनोटिक बीमारियां, जानिए

पशुओं से इंसानों को होने वाली बीमारियों के अध्ययन और रिसर्च पर जोर देने के लिए पहला विश्व जूनोज दिवस 6 जुलाई 1885 को मनाया गया था। इसके बाद हर साल इस दिन दुनिया भर में जूनोटिक बीमारियों के कारण और बचाव के उपायों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।कई गंभीर बीमारियां पशुओं से मनुष्यों में फैलती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार जो बीमारियां जानवरों से मनुष्यों में फैलती हैं। उन्हें जूनोटिक रोग कहा जाता है। इन बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल वर्ल्ड जूनोज डे मनाया जाता है। विश्व जूनोसिस दिवस प्रसिद्ध फ्रांसीसी जीवविज्ञानी लुई पाश्चर की उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए भी मनाया जाता है। इसी दिन इस बीमारी के खिलाफ पहला टीकाकरण विकसित किया गया था।

### घरेलू पेट्स के इन लक्षणों का रखे ध्यान, डॉग में पार्वो इनफेक्शन का खतरा, बचाओ के लिए सावधानी जरूरी

इसके लक्षणों जैसे सुस्ती आना, भूख में कमी, कुछ भी खाने व पाने के बाद उल्टी का होना एवं दस्त होने से शरीर में डिहाइड्रेशन होने लगता है, धीरे धीरे प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होने लगती है और कुत्ते को सेप्टक शॉक हो सकता है। लक्षण दिखने के बाद अगर इलाज नहीं कराया जाता है तो लगभग 48 से 72 घंटों बिमार मे कुत्तों की मृत्यु हो जाती है। नवजात पिल्लो को लगभग 30 दिन की उम्र में पप्पी डीपी का टीका जो कि डिस्टेमपर एवं पार्वो वायरस के संक्रमण दोनो से पिल्ले की रक्षा करता है जिसकी पहली खुराक 6 से 8 सप्ताह मे लगाई जानी चाहिए एवं जो कि पार्वो के अतिरिक्त अन्य वायरस जनित एव जीवाणु जनित रोगों में सुरक्षा प्रदान करती है इसके पश्चात दो और खुराक 21 दिन के अंतराल मे लगाया जाना चाहिए और तीसरी खुराक के बाद प्रतिवर्ष एक बार टीकाकरण अवश्य करवाना चाहिए। टीकाकरण ही इस घातक बीमारी से बचाव का सबसे आसान उपाय है।डॉ संजीव ने बताया कि कैनाइन पार्वोवायरस संक्रमण कुत्तों को प्रभावित करने वाली वायरस जनित रोग है। 6 से 20 सप्ताह की आयु के पिल्ले, बिना टीकाकरण या अधुरे टीकाकरण वाले कुत्तों और अन्य की तुलना में अधिक जोखिम होता है। इस बिमारी के लक्षण अलग- अलग होते हैं जो कि संक्रमण की गंभीरता पर निर्भर करते हैं।

### रैबीज विषाणु जनित लाइलाज बीमारी



डाक्टर ने बताया कि जूनोटिक डिसीज में जानवरों के काटने से होने वाली रेबीज खतरनाक बीमारी आती है। यह पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाली एक जूनोटिक बिमारी है जिसे हाइड्रोफोबिया या एनसिकेलाइटिस भी कहते हैं। यह एक विषाणु जनित लाइलाज व घातक बीमारी है।जो कि दिमाग तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिर्पोट के अनुसार विश्व भर में लगभग 55000/24000-90000) व्यक्तियों की मृत्यु रेबीज से होती है जिनमें से 36% या 20000 लोगों की मौतें अकेले भारत में होती है।

### मनुष्यों में ऐसे आती है बीमारी और लक्षण

जानवरों से मनुष्यों यह बीमारी तभी आयेगी जब उस जानवर को रेबीज की बीमारी होगी। रेबीज का वायरस जानवर की लार में होता है। जब जानवर काटता है तो यह वायरस शरीर में प्रवेश करता है और धीरे धीरे तंत्रिका तंत्र यानी मस्तिष्क पहुंचता है। यह प्रक्रिया धीमी होने के कारण इस बीमारी का पता दिमाग में पहुंचने पर होता है। इस प्रक्रिया में 15 दिन और कभी - कभी 6 साल भी लग जाते हैं। मनुष्यों में इसके लक्षण जिस जगह पर काटा गया है वहा पर दर्द, सूजन, झनझनाहट हो सकती है इसके साथा ही सिर दर्द, बुखार, उल्टी और रेबीज ग्रसितोंको झटके लगना, डर महसूस होना, मांसपेशियों में खिंचाव का होना, आवाज में भी बदलाव होता है और पिड़ित व्यक्ति की मौत हो जाती है।

## सिटी इवेंट

## डॉक्टरों के सेवाभावी कार्यों की सराहना, 26 चिकित्सक सम्मानित



**दुर्ग ।** लायंस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी द्वारा डॉक्टर्स डे पर जिला अस्पताल के 26 डॉक्टरों का सम्मान कर उनके सेवाभावी कार्यों की सराहना की गई। डॉ. प्रवीण अग्रवाल, डॉ. ममता पांडे के अलावा अन्य डॉक्टरों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला अस्पताल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. आशीनन मिंज ने लायंस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी के सेवाकार्यों की प्रशंसा की और उन्हें साधुवाद दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला अस्पताल के पूर्व सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू मौजूद रहे। इसके पहले कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वज वंदना के साथ किया गया। सभी डॉक्टरों का पारंपरिक तिलक लगाकर स्वागत क्लब की कोषाध्यक्ष अनीता तिवारी द्वारा किया गया। अध्यक्ष आकांक्षा मिश्रा ने स्वागत भाषण देते हुए चिकित्सकों के योगदान को समाज के लिए अत्यंत मूल्यवान बताया। सचिव हरमीत भाटिया ने अतिथियों एवं चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रश्मि अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर लायंस क्लब के वरिष्ठ सदस्य अमर सिंह गुप्ता, एमजेएफ बृजमोहन खंडेलवाल, सुरिंदर पाल दुलई, पीएमजेएफ सतीश सुराना, रूपिंदर कौर कालकेट, एमजेएफ डॉ. रौनक जमाल, शंकरलाल अग्रवाल,सुनील अग्रवाल एमजेएफ ज्ञानचंद पाटनी,डॉ. अनुराग बक्शी, धनश्री मोडक, जफर शादाब, भाग्यश्री मोडक के अलावा क्लब के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## पद्मनगर में गिटार पर कार्यशाला आज



**भिलाई।** साई संगीत कला केंद्र भिलाई-3 में 6 जुलाई को सुबह 9:30 बजे से एक विशेष गिटार कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह कार्यशाला निशुल्क है। इसमें सभी संगीतप्रेमी, विद्यार्थी, विशेषकर गिटार सीखने की इच्छा रखने वाले छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। इस कार्यशाला का संचालन डॉ. अजय नागराज करेंगे। वे रायपुर में न्यूरो सर्जन होने के साथ-साथ पिछले दो दशकों से एक गंभीर संगीत साधक भी हैं। वे मोहन वीणा (एक प्रकार का भारतीयीकृत गिटार) में निपुण हैं। इसे भारतीय रागदारी के साथ बजाने की विशिष्ट शैली में दक्ष हैं। मोहन वीणा गिटार का ही एक भारतीय रूपांतरण है, जिसे महान कलाकार पंडित विश्वमोहन भट्ट ने विकसित किया था। इस कार्यशाला का उद्देश्य गिटार और मोहन वीणा दोनों के प्रति रुचि और समझ को बढ़ावा देना है। डॉ. नागराज विद्यार्थियों को गिटार की मूलभूत तकनीक, भारतीय रागों के अनुसार उसकी ध्वनि संरचना के बारे में भी जानकारी देंगे।

# सात साल से ज्यादा की सजा वाले अपराध में फॉरेंसिक टीम को घटना स्थल पर पहुंचना आवश्यक



■ कला मंदिर सिविक सेंटर में कार्यशाला का आयोजन

**भिलाई।** नवीन अपराधिक कानूनों पर आधारित संवेदीकरण के अन्तर्गत नर्सो एवं पैरामेडिक्स कर्मचारियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कला मंदिर सिविक सेंटर सेक्टर-6 में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल प्रमुख रूप से मौजूद थे। उनके अलावा आईपीएस पंकज ताम्रकार, अनुरेखा सिंह, अशोक जोशी सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे। विजय अग्रवाल ने बताया कि नवीन भारतीय न्याय संहिता आम जनता को न्याय दिलाने के लिए बनाया गया है, जिससे आम जनता को न्याय मिलने में विलंब न हो, पुलिस एवं न्यायालय के लिए समय निर्धारित किया गया है। महिलाओं से संबंधित अपराधों में दण्ड का प्रावधान करते हुए महिलाओं से संबंधित अपराधों को कठोर बनाया गया है। धारा-4 भारतीय न्याय संहिता में सामुदायिक सेवा, न्याय-व्यवस्था का दंड से न्याय की ओर बढ़ता कदम है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अंतर्गत आपकी, आपके घर की या आपके व्यवसायिक स्थान या अन्य जगह की तलाशी लेंगे, तो उसकी कंपलसरी फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी की जाएगी। वह न्यायालय में मान्य होगा। इस प्रकार न्यायालय में प्रकरण में विलंब नहीं होगा और जल्द से जल्द आरोपी को सजा भी हो जाएगी। 7 वर्ष या 7 वर्ष से अधिक की सजा वाले अपराध में फॉरेंसिक टीम का घटना स्थल पर पहुंचना आवश्यक किया गया है। इस बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। पंकज ताम्रकार ने बताया कि नवीन भारतीय न्याय संहिता 01 जुलाई 2024 को लागू है। कार्यशाला में पुलिस अधिकारी सुखनंदन राठौर, चन्द्र प्रकाश तिवारी, नीलकंठ वर्मा आदि मौजूद थे।

## सतरूपा शीतला मंदिर में माता का जुड़वास उत्सव कल



**दुर्ग।** सतरूपा शीतला मंदिर सिविल लाइन कसारीडीह में शहरवासियों की सुख, शांति, समृद्धि एवं समस्त प्रकार के रोगों के निवारण के लिए 7 जुलाई को देवी माँ सतरूपा शीतला माता के जुड़वास कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जुड़वास कार्यक्रम सुबह 7 बजे प्रारंभ होगा। इसमें माता शीतला का विशेष श्रृंगार एवं पूजा-अर्चना की जाएगी। यह समस्त धार्मिक कार्यक्रम मंदिर के मुख्य बैगा श्यामलाल यादव एवं मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित धीरज शर्मा द्वारा सम्पन्न कराई जाएगी। यह जानकारी मां सतरुपा शीतला मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू ने देते हुए जुड़वास कार्यक्रम में श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील की है।

कर्बला के शहीदों को अकीदत के साथ याद कर रहे लोग, जुलूस की तैयारी हुई पूरी

कॉर्नर न्यूज

# अनमोल निशानियों को देखकर आंखें हुई नम आज निकलेंगे ताजिए और दिखेगा अखाड़े का दम



**भिलाई।** कर्बला की शहीदों की याद में शहर में विविध आयोजन हो रहे हैं। 10वें मुहर्रम 6 जुलाई को शहर में मुख्य जुलूस निकलेगा। इसके पहले ताजिया बनाने का काम पूरा हो चुका है। अखाड़े में अभ्यास भी जारी है और लंगर व दूसरे आयोजन की भी लोग तैयारी कर रहे हैं।



### पौधे लगाए और मरीजों को बांटे फल

अंजुमन हुसैनिया खुर्सीपार की ओर से 4 जुलाई को पौधारोपण और मरीजों-वृद्धों के बीच फल तकसीम किया गया। खुर्सीपार में आईटीआई मार्ग पर सैयद आलमगीर अशरफ अशरफी उल जिलानी, मुफ्ती जामी कमर और मुफ्ती कमर अजहरी सहित तमाम लोगों ने छायादार पौधे लगाए। इसके बाद शासकीय लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल और वृद्धाश्रम सेक्टर 2 में मरीजों और वृद्धों के बीच फल बांटे गए। इन आयोजनों में गनी खान, शाहिद अहमद रज्जन, अंजुमन हुसैनिया कमेटी के हुसैन अली, मुश्ताक अली, शकील अहमद, अशफाक अहमद मंसूरी, कमालुद्दीन अशरफी, शेख अलाउद्दीन, बशीर अली, हैदर अली आदि मौजूद थे।

### अनमोल निशानियों को देख कर नम हुई आंखें

बीबी फातिमा जोहरा कमेटी की ओर से औरतों के लिए तकरीरी प्रोग्राम जारी है। जिसमें आलिमा फाजिला शाहीना नूरी कर्बला के शहीदों का बयान कर रही हैं। जामा मस्जिद सेक्टर-6 के कम्युनिटी हॉल में जारी इस प्रोग्राम में पैगम्बरे इस्लाम और औलिया किराम से जुड़ी हुई बेमिसाल निशानियों का दीदार लोगो करवाया गया। इनमें पैगम्बर हजरत मुहम्मद के पवित्र केश और पसीना शरीफ के साथ मौला अली, फारूक रजि अल्लाहो अन्हा, उस्मान रजी अल्लाहोअन्हा गौसे पाक अब्दुल कादिर जिलानी और ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेरी के केश, काबा शरीफ का गिलाफ टुकड़ा और गौसपाक के रोजे की चादर का दीदार लोगो को कराया गया। जिसे देखकर सभी की आँखे भी नम हो गई। बड़ी तादाद में लोगों ने इन अनमोल निशानियों के दीदार किए। कमेटी की इस पहल में शाहीन, नसीम, कौसर नेहरू नगर से रजिया,अक्सा अली,शबनम खान, जकिया, सायरा, शमीम अशरफी, शबनम. अली, फरज़ाना अली, शाहिन निजामी, आयशा, समरा, अज़रा. कमरून, शाहीदा, रेहाना, साकिबा, रूही,सीमा, ज़रीना,रुखसार और अकीला सहित तमाम लोगों का सहयोग रहा।

### आज ताजिया व अखाड़े का जुलूस गुजरेगा इन रास्तों से

यौमे आशूरा पर दोपहर शहर में ताजिया और अखाड़े का जुलूस निकाला जाएगा। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। अंजुमन शहीदीया की ओर से हाजी एमएच सिद्दीकी ने बताया कि तय किए गए रास्तों पर जुलूस निकलेगा। जिसमें हाउसिंग बोर्ड, नंदिनी रोड, कैम्प-1, कैम्प-2, खुर्सीपार जोन-1,2,3, भिलाई-तीन चरोदा तक के ताजिए-अखाड़े पावर हाउस चौक पर इकट्ठा होंगे। यहां से ओवर ब्रिज से इक्विपमेंट चौक सेक्टर-1 सेक्टर-5 पहुंचेंगे। इसी तरह सुपेला, फरीद नगर, राम नगर, कोसानाला, लक्ष्मी नगर, कृष्णा नगर और अयप्पा नगर कोहका सहित आसपास के ताजिए सुपेला चौक पर इकट्ठा होंगे। यहां से रेलवे अंडरब्रिज होते हुए सेक्टर-6 बी मार्केट, ए मार्केट होते हुए सेंट्रल एवेन्यू पहुंचेंगे।

## सिटी इवेंट

# दिगंबर जैन मंदिर में शांति और आशीर्वाद के लिए पाठ



**दुर्ग।** दिगंबर जैन मंदिर पद्ममनापुर में आष्टा निहकामहापर्व पर अखंड भक्तामर पाठ पठन किया जा रहा है। भक्तामर पाठ पठन के रचयिता आचार्य मांगतूगी के इस 48 श्लोक के पठन से मानव मात्र को शांति और आशीर्वाद मिलता है। जैन समाज के संजय बोहरा ने बताया कि भक्तामर पाठ पठन की मंगल कामना से जैन समाज विश्व शांति की खुशी और समृद्धि की भावना प्रदर्शित करता है। इस अखंड पाठ पठन में मुख्य रूप से महिला मंडल प्रमुख रूप से सक्रिय हो इस कार्य को संपादित कर रही है। पदाधिकारी का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। पूरे कार्यक्रम को सफल और पूर्ण करने में विशेष रूप से सहयोग स्थानीय प्रबंधनकार्यकारिणी समिति और पदाधिकारी आदि का विशेष सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त है। भक्तामर विधान पूरे श्रद्धा और आनंद के साथ संगीत मंडली की स्थिति में पंडित शिखर चंद जैन द्वारा संपन्न होना है। इस भव्य मांगलिक पाठ पठन के विधान में सकल जैन समाज शामिल होने पहुंच रहा है। आयोजन में मुख्य रूप से रमेश बाकलीवाल, अभिषेक जैन, राकेश जैन आदि मौजूद थे।

## एजुकेशन लाइव

# बीएसपी स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों को मिला पुरस्कार




**भिलाई।** बीएसपी के विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा आठवीं के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गयाा। भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बीएसपी अधिकारी उत्पल दत्ता, शिखा दुबे मौजूद थे। इस अवसर पर सतीश मिश्रा एवं शैलेन्द्र भोई के निर्देशन में भिलाई विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। 21 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इनमें ईएमएमएस सेक्टर-9 से नुपुर कौमिक, आद्या कासलीवाल, तृप्ति साहू, अनुष्का, वैदिक साहू, राखी देशमुख, एंजेल पाल, कुम्बर भास्कर राव, ईएमएमएस सेक्टर-1 से एन. संध्या, मोईन खान, उजाला कुमारी, ई. नवीन, सुनिधि पाल, ईएमएमएस सेक्टर-6 से प्रथम पाटिल, मानस चंद्राकर, आर्याही चतुर्वेदी, गुंजन बाग, दक्ष कुमार, ईएमएमएस रुआबांधा से पूर्वी, अनुष्का विश्वकर्मा तथा ईएमएमएस सेक्टर-7 से खिलेश कुमार डेकाटे शामिल थे। अपने अनुभव साझा करते हुए आद्या कासलीवाल और वैदिक साहू ने बताया कि अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर यह सफलता प्राप्त की जा सकती है।

## लाइव इवेंट

# ट्रैफिक सेंस जगाने सफेद पट्टी के अंदर वाहन खड़े करने दी जानकारी



**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस लोगों में ट्रैफिक सेंस जगाने और लोगों को जागरूक करने अभियान चला रही है। इसके अंतर्गत शहर के सभी प्रमुख बाजारों में ट्रैफिक पुलिस की टीम पहुंची। नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर ई चालान की कार्रवाई भी की। हाईवे पेट्रोलिंग द्वारा नेशनल हाईवे में खडी होने वाले भारी वाहनो को पेट्रोलिंग कर लगातार हटाया जा रहा है। 2 माह में ई डिवाइस मशीन सें 1058 ई चालान की कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस द्वारा सड़क पर बाधा उत्पन्न करने वाले एवं ऐसे वाहन जो मुख्य मार्ग पर खड़ा होकर यातायात को बाधिक करने का कार्य करते हैं। उन पर कार्रवाई की गई। दुर्ग के इंदिरा मार्केट से फरिश्ता कॉम्लेक्स, सिविक सेन्टर मार्केट क्षेत्र, आकाश गंगा, सुपेला एवं पावर हाउस मार्केट क्षेत्र में अभियान चलाया गया। ई डिवाइस मशीन सें ई चालानी कार्रवाई की गई। अंजोरा से कुम्हारी तक यातायात के 04 हाईवे पेट्रोलिंग द्वारा सड़क किनारे खड़े होने वाले भारी वाहनों से भी जुर्माना वसूला गया। यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि खरीदारी के लिए मार्केट जाने के लिए ज्यादा से ज्यादा हो सके तो दो पहिया वाहन का प्रयोग करें। अपने वाहन को सफेद पट्टी के अंदर दुकान से लगाकर खड़ा करें। ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि पिछले दो महीनों से अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान लोगों को ट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी दी जा रही है। साथ ही नियम तोड़ने वालों के खिलाफ जुर्माना कार्रवाई की जा रही है। व्यापारिक संगठनों के साथ मिलकर इस अभियान को आगे भी चलाया जाएगा।

- दुर्ग-भिलाई के बाजारों में ट्रैफिक पुलिस का चला अभियान

● महाप्रभु लौटे अपने श्री मंदिर, गुंडिचा मंडप में लगा छप्पन भोग, गाजे-बाजे के साथ निकली रथयात्रा

# बाहुड़ा रथयात्रा में से-6 व से-4 के रथों का हुआ मिलन दोनों के पुजारियों ने एक-दूसरे के रथ पर जाकर की पूजा





भिलाई। महाप्रभु जगन्नाथ 9 दिनों तक अपनी मौसी गुंडिचा के घर से वापस रथ पर आरुढ़ होकर शनिवार को बाहुड़ा यात्रा नगर भ्रमण करते हुए श्रीमंदिर पहुंचे। शहर के दो प्रमुख जगन्नाथ मंदिरों के लिए निकली बाहुड़ा यात्रा 7 मिलियन टन चौक पर से.-6 व से-4 के रथों का मिलन हुआ तथा दोनों के पुजारियों व पदाधिकारियों ने एक-दूसरे के रथ पर जाकर भगवान की पूजा अर्चना की।दोपहर बाद दोनों ही जगहों से बाहुड़ा रथ यात्रा निकाली गई। इस दौरान भगवान की पूरे रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की गई। दोपहर बाद रथयात्रा निकाली गई। सेक्टर 6 में सांसद विजय बघेल और सेक्टर 10 में उद्योगपति संजय मिश्रा मुख्य रूप से शामिल हुए। दोनों ही जगहों पर छेरा पंहरा की परंपरा निभाई गई। जगन्नाथ समिति सेक्टर-4 का रथ गुण्डिचा मंडप सेक्टर-10 से निकलकर सेन्ट्रल एवेन्यू होते हुए सेक्टर-4, बोरिया मार्केट स्थित जगन्नाथ मंदिर में पहुंचा। वहीं सेक्टर-6 मंदिर का रथ गुंडिचा मंडप ए मार्केट से निकला। नगर भ्रमण करते हुए रथ मंदिर पहुंचा।

### निभाई गई छेरा-पंहरा की परंपरा, ट्विनसिटी के लोगों ने विधि-विधान से की पूजा-अर्चना

भगवान बलभद्र, माता सुभद्रा तथा महाप्रभु जगन्नाथ के विग्रह को पंहडी करते हुए काष्ठ निर्मित सुन्दर व भव्य रथ पर लाया गया। इस वर्ष बाहुड़ा रथयात्रा (वापसी रथयात्रा) के दौरान रथ के समक्ष परम्परा अनुसार छेरा-पंहरा कार्यक्रम, मुख्य अतिथि समाजसेवी संजय मिश्रा द्वारा सम्पन्न किया गया। पुरी में यह परम्परा पुरी के महाराज सम्पन्न करते है। छेरा-पंहरा के पश्चात भक्त जनों ने जय जगन्नाथ के उद्घोष के साथ रथ खींचना प्रारंभ किया। समाजसेवी संजय मिश्रा ने जगन्नाथ स्वामी की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में सेफी, चेयरमैन एवं बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, समाजसेवी सुरेश केजरीवाल तथा जगन्नाथ समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सतपथी एवं महासचिव सत्यवान नायक विशेष रुप से उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन ने भी महाप्रभु श्री जगन्नाथ स्वामी के दर्शन किए।

### भक्ति के धुन में नाचते-गाते भक्त

झांझ, मंजीरे, ढ़ोल, मृदंग बजाते कीर्तन दल तथा भक्ति संगीत के धुन में नाचते-गाते भक्त जनों ने भाव विभोर होकर रथ खींचा। सेन्ट्रल एवेन्यु में महाप्रभु के दर्शन व पूजा अर्चना हेतु हजारों की संख्या में श्रद्धालु सड़क के दोनों ओर खड़े थे। महाप्रभु का रथ सेन्ट्रल एवेन्यु में पहुँचते ही रथ



खींचने व दर्शनार्थ भारी संख्या में लोग उमड़ पड़े।

**विभिन्न संस्थाओं ने किया भव्य स्वागत:** पूरे यात्रा के दौरान अन्न प्रसाद व गजामूंग के प्रसाद का वितरण किया गया व विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग संस्थाओं व समाज द्वारा रथ का भव्य स्वागत किया। पूर्व पार्षद कोरमा राव एवं पूर्व पार्षद जे श्रीनिवास राव के साथ न्यू आजाद गणेशोत्सव समिती के सभी सदस्यों ने सेक्टर-2 चौक में भारी आतिशबाजी के संग रथयात्रा का भव्य स्वागत किया।

### महाप्रभु को लगा छप्पन भोग, बाद में बंटा प्रसाद

गुंडीचा मंडप, सेक्टर 10 में श्री त्रिनाथ साहू के संयोजन में महाप्रभु समक्ष छप्पन भोग लगाने का आयोजन किया गया। भक्तों द्वारा बिना प्याज लहसुन के विभिन्न भोग घर से बनाकर गुंडिचा मंडप लाया गया। भक्तों द्वारा लाए गए छप्पन भोग को प्रभु के समक्ष भोग लगाया गया। पीतवास पाढ़ी द्वारा पूजा अर्चना कर महाप्रभु को भोग समर्पित किया गया। अंत में भोग का वितरण भक्तों के मध्य किया गया।

### गुंडिचा मंडप सेक्टर-6 से भी निकली बाहुड़ा यात्रा

सेक्टर-6 ए मार्केट गुंडिचा मंडप से जगन्नाथ भगवान ने श्री मंदिर की ओर शाम 5 बजे प्रस्थान किया। बाहुड़ा यात्रा के दौरान छेरा पंहरा की रस्म सांसद विजय बघेल ने निभाई। आरती के बाद पोड़ो पीठा का भोग लगाया गया, फिर भक्तों ने जय जयकार लगाते हुए जगन्नाथ जी के रथ को खींचना शुरू किया। भक्ति भाव से नाचते गाते, कीर्तन करते, प्रसाद खाते हुए भक्तों ने रथ को श्री मंदिर पहुंचाया। हजारों की संख्या में भक्त मौजूद थे। आयोजन समिति में पंडित तुषारकांत महापात्र, अध्यक्ष दिलीप मोहंती, महासचिव अरुण पांडा, प्रभारी शशि भूषण महंती, प्रदीप सान्याल सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## अनुकरणीय पहल...

# देशमुख जोड़े ने किया था देहदान

**दुर्ग।** नगर निगम के सेवानिवृत्ति के कर्मी अगस्त देशमुख के मरणोपरांत उनका शरीर चिकित्सा अध्ययन हेतु दान किया गया। नेहरू नगर 79/9 निवासी अगस्त देशमुख ने अगस्त 2020 में अपनी पत्नी झमित देशमुख के साथ प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी के माध्यम से देहदान की वसीयत जारी की थी। परिजनों द्वारा स्वर्गीय आदर्श देशमुख का पार्थिव शरीर भिलाई से उनके गृहग्राम टिकरी अर्जुंदा ले जाया गया। इसके पश्चात राजनांदगांव के एक मेडिकल कॉलेज में उनका शरीर दान किया गया।देहदान के पूर्व एक संक्षिप्त श्रद्धांजलि सभा का आयोजन भी किया गया। इस दौरान उपस्थित प्रबुद्ध जनों में देहदानी झमीत देशमुख,केशव बंटी हरमुख, नवीन देशमुख, ललिता देशमुख, पवन केसवानी, पवन दिल्लीवार, अशोक दिल्लीवार, भूपेश देशमुख, मनीष देशमुख, योगेश देशमुख हिमांक देशमुख,सौरिक देशमुख, चंद्रशेखर चंद्राकर लालजी वर्मा, गौरव केसवानी, अनंतराम वर्मा, लेखराम वर्मा, दिलीप देशमुख, दामेश्वर देशमुख आदि प्रबुद्धजनों ने देहदान के पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान की।.साध्वी करेगी आज मंगल प्रवेशदुर्ग। जैन साध्वी श्री प्रियदर्शना श्री जी प्रियदा अपने साध्वी समुदाय के साथ कल प्रातः रेलवे



स्टेशन रोड स्थित श्री डालचंद जी संदीप कुमार सुराणा के निवास से प्रातः 8 बजे श्रावक श्राविकाओं की विशेष उपस्थिति में जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में मंगलमय प्रवेश करेंगे। साध्वी विचक्षणा श्रीजी सुकृति श्रीजी साध्वी स प्रज्ञपति श्री जी भी उनके साथ मंगलमय प्रवेश करेंगे। रेलवे स्टेशन रोड स्थित श्री डालचंद जी सुराणा के निवास स्थान में अरिहंत एवं तीर्थंकर परमात्मा की स्तुति पुचछीसुणम एवं भक्तांबर स्त्रोत के अनुष्ठान के पश्चात वहां से बिहार यात्रा प्रारंभ होगी प्रातः 9:20 बजे जय आनंद मधुकर रतन भवन में श्रावकों की आज्ञा लेकर प्रवेश होगा।.

## चिकित्सकीय सेवा के लिए मिली प्रशंसा

# सेक्टर-9 हॉस्पिटल के स्टॉफ को उत्कृष्ट कार्य के लिए कर्म शिरोमणि सम्मान



**भिलाई।** सेक्टर-9 हॉस्पिटल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर एवं डॉ. विनीता द्विवेदी की अध्यक्षता में कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में चिकित्सा सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चिकित्सालयीन कर्मचारी गीतांजली साहू, हेड फार्मसिस्ट, सुनीता उल्लास, मीना साजी, को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने सम्मानित कर्मियों को बधाई दी।आगे भी इसी प्रकार सेवाभाव, समर्पण एवं लगन से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर शैला अब्राहम, शीबा थॉमस सहित अन्य उपस्थित थे।

## एसआरजीआई और आईआईटी भिलाई के बीच अनुसंधान सहयोग के लिए एमओयू

# अनुबंध: उच्च स्तरीय प्रयोगशालाओं, उन्नत उपकरणों का स्टूडेंट्स को मिलेगा लाभ, शिक्षण पद्धतियों में नवाचार

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस एसआरजीआई के अन्तर्गत संचालित आर एस आर रूंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ फॉर्मास्यूटिकस साइंस और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस ...ते का उद्देश्य विशेष रूप से उच्च स्तरीय ...णात्मक प्रयोगशालाओं, उन्नत ...रणों और सीसीएसईए अनुमोदित ...मल हाउस के साझा उपयोग के माध्यम से अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में आपसी सहयोग को बढ़ावा देना है। अत्याधुनिक तकनीकों के उपयोग से शिक्षण पद्धतियों में नवाचार भी लाएंगे। इस समझौते के तहत तीनों संस्थान मिलकर संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं संचालित करेंगे, स्टूडेंट एक्सचेंज, फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, स्टार्टअप इन्क्यूबेशन और उन्नत प्रशिक्षण की व्यवस्था करेंगे। विशेष रूप से इंजीनियरिंग और फार्मेसी के विषय क्षेत्रों में ड्रग डिलीवरी सिस्टम, बायोइन्फॉर्मेटिक्स, मेडिकल डिवाइसेज डिजाइन और एआई पर आधारित हेल्थकेयर समाधान पर कार्य करने की योजना बनाई गई है। एमओयू पर आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन के सीईओ प्रशांत एन. माथुर और विष्णु वैभव शर्मा ने डॉ. योगेश छाबड़ा, प्रिंसिपल, रूंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, डॉ. राजेश कुमार नेमा, प्रिंसिपल, रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज और डॉ. ज्ञानेश श्रीवास्तव, प्रिंसिपल, रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।



### समझौते के तहत लिए गए निर्णय तीन वर्षों के लिए प्रभावी रहेंगे

फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार नेमा ने कहा संस्थान की एनिमल हाउस सुविधा अब अन्य संस्थानों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगी, जिससे फार्माकोलॉजिकल, टॉक्सिकोलॉजिकल और प्रीक्लिनिकल रिसर्च को बढ़ावा मिलेगा। यह समझौता ज्ञापन अगले तीन वर्षों तक प्रभावी रहेगा, जिसके दौरान दोनों पक्ष ज्ञान-साझाकरण, क्षमता- निर्माण कार्यक्रमों और संयुक्त नवाचार-संचालित पहलों में संलग्न होंगे। एसआरजीआई के अध्यक्ष इंजीनियर संजय रूंगटा और निदेशक डॉ. साकेत रूंगटा ने कहा कि यह साझेदारी नवाचार-आधारित शिक्षा और अनुसंधान उत्कृष्टता के लिए नए क्षितिज खोलेगी। यह सहयोग दोनों संस्थानों के लिए न केवल एक शिक्षात्मक पहल है, बल्कि यह उद्योग और समाज के लिए भी एक सकारात्मक संकेत है। आने वाले वर्षों में इसके माध्यम से उन्नत शोध, स्टार्टअप संवर्धन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बल मिलेगा। आईआईटी जैसी संस्था से जुड़ना हमारे संस्थान के लिए सम्मान की बात है। तीनों संस्थानों का यह सामूहिक प्रयास देश में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान को बढ़ावा देने, संसाधनों के कुशल उपयोग और नवाचार की संस्कृति को सशक्त करने की दिशा में एक सराहनीय पहल मानी जा रही है।

### शिक्षण पद्धतियों में आयेगा नवाचार,छात्रों को मिलेगी सुविधा

समझौते के तहत दोनों संस्थान संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं चलाएंगे, छात्रों और फैकल्टी के आदान-प्रदान कार्यक्रम आयोजित करेंगे और अत्याधुनिक तकनीकों के उपयोग से शिक्षण पद्धतियों में नवाचार लाएंगे। इसके अलावा, औद्योगिक प्रशिक्षण, स्टार्टअप सहयोग, इंटर्नशिप और नई औषधियों के विकास पर भी संयुक्त कार्य किए जाएंगे। फार्मेसी कॉलेज के पास उपलब्ध सीसीएसईए अनुमोदित एनिमल हाउस, आईआईटी की उन्नत विश्लेषणात्मक सुविधाएं और इंजीनियरिंग कॉलेज की डिज़ाइन व नवाचार प्रयोगशालाएं इस सहयोग के केंद्र बिंदु होंगे। आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन के सीईओ प्रशांत एन. माथुर ने कहा कि इस समझौते से संसाधनों के समुचित उपयोग के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शोध को बढ़ावा मिलेगा, जिससे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुसंधान की प्रतिस्पर्धा में हम मजबूती से आगे बढ़ सकें। इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. योगेश छाबड़ा ने कहा यह साझेदारी हमारे छात्रों और शोधकर्ताओं को इंटरडिसिप्लिनरी प्रोजेक्ट्स पर काम करने का अवसर प्रदान करेगी।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ ने हिमाचल को 175 रनों से हराया



**रायपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन पुडुच्चेरी की ओर से मेंस अंडर-19 इंटर स्टेट मल्टी डे अभ्यास मैच पुडुच्चेरी में जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित बंगाल, केरला, पांडेचेरी और हिमाचल प्रदेश आदि टीमें हिस्सा ले रहीं है। छत्तीसगढ़ का दूसरा मैच हिमाचल प्रदेश के विरुद्ध पुडुच्चेरी में खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ अंडर 19 ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 58.1 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 261 रन ही बना लिये। छत्तीसगढ़ की ओर से तेजस्वी कलभोर ने शानदार षतक लगाते हुये 103 रन तथा श्लोक चचाने ने 40 रनों का योगदान दिया। अन्य कोई भी बल्लेबाज लंबी पारी खेलने में नाकाम रहे। हिमाचल प्रदेश की ओर से अभिषेक ने 4 विकेट तथा सिद्धाक ने 3 विकेट प्राप्त किये। 262 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिमाचल प्रदेश मैच के दूसरे दिन 5 विकेट पर 69 रनों से आगे खेलते हुये, 40.3 ओवरों में केवल 86 रनो पर ऑल आउट हो गयी। हिमाचल प्रदेश की ओर से आदित्य ने 24 रन तथा अग्रिम ने 22 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ अंडर-19 की ओर से दिवाकर ताम्रकार ने 58 विकेट, धनंजय नायक ने 3 विकेट तथा विवेक कुमार ने 2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ अंडर 19 ने मैच 175 रनों से जीत लिया।

### छत्तीसगढ़ को ऑल इंडिया तीरंदाजी की मेजबानी मिली



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से आगामी दिसंबर माह में ऑल इंडिया तीरंदाजी पुलिस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर पूरे देश से पुलिस विभाग के 500 तीरंदाज छत्तीसगढ़ में अपने खेल कौशल दिखाएंगे। ऑल इंडिया पुलिस में कई ऐसे तीरंदाज है जो भारतीय तीरंदाजी के अधीन नेशनल ओपन प्रतियोगिता में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वर्तमान में खेल रहे है।भारतीय तीरंदाज़ी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका ने छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग को ऑल इंडिया पुलिस टूर्नामेंट के लिए छत्तीसगढ़ को मेज़बानी मिलने पर बधाई देते हुए छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के प्रदेश अध्यक्ष व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का विशेष आभार जताया है।

### छत्तीसगढ़ टेनिस प्रीमियर लीग में रोमांचक दौर जारी



**रायपुर।** विष्णु प्लेफिट अकादमी एवं टेनिस फैमिलिया के संयुक्त आयोजन में दो दिवसीय छत्तीसगढ़ टेनिस प्रीमियर लीग यूनियन क्लब एवं वीआईपी क्लब में शनिवार से शुरू हुई। छत्तीसगढ़ टेनिस संघ के तत्वाधान में प्रतियोगिता का उद्घाटन यूनियन क्लब के अध्यक्ष एवं प्रदेश टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा ने किया। इस अवसर पर प्रदेश टेनिस संघ के उपाध्यक्ष रूपेंद्र सिंह चौहान एवं रणधीर सिंह विरदी उपस्थित थे। आठ टीमों में लगभग 50 जूनियर बॉयज एवं गर्ल्स खिलाड़ी थे। ऐसे में स्पर्धा में भाग ले रहे है पूर्व में विभिन्न टीमों का चयन प्लेयर की नीलामी प्रक्रिया से हुआ। पहले दिन के परिणाम में टीम एस ने टीम टॉप स्पिन को 4- 1 हराया। टीम फैमिलिया ने टॉपस्पिन टाईटन को 4- 1 हराया। टीम एस ने कोर्ट किंग को 4- 1 से हराया। बसेलाइन बीस्ट ने सैंटियागो स्मैशर्स को 3- 2 हराया। कोर्ट कांकरोर्स ने वी स्ट्राइकर्स को 3 -2 हराया। शेष मैच एवं फाइनल मुकाबले रविवार 6 जुलाई को खेले जायेगे।

### जिला बैडमिंटन स्पर्धा के अंडर 19 के पहले दौर के मुकाबले

**रायपुर।** रायपुर जिला बैडमिंटन संघ की ओर से सब जूनियर व जूनियर वर्ग की स्पर्धा सप्रे शाला में जारी है। जिसमे 4 जुलाई को खेले गए मुकाबले में 19 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल प्रथम दौर के परिणाम प्राप्त हो चुके है। हिमांश राठे ने ऋत्विक चौरड़िया को 15-7,15-13 से ,समर्थ सिंह ने कृपाल छगनी को 15-6,15-6 से, मयंक साहू ने पार्थ पटेल को 15-6,15-10 से, राघव तिवारी ने विवेक जैन को 7-15,15-13,15-7 से , हिमांशु रामचंदनी ने केशव अग्रवाल को 15-5,15-6 से हराया।



## डायबिटीज आज वैश्विक स्वास्थ्य चुनौती

# डायबिटीज के मरीजों को भूलकर भी नहीं करनी चाहिए ऐसी गलतियां, होगी मुश्किल

डायबिटीज के मरीजों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इसमें शरीर में ब्लड शुगर का लेवल अनियंत्रित हो जाता है। भारत में तो यह स्थिति और भी गंभीर है, जहां लगभग 10 करोड़ लोग इस बीमारी से प्रभावित हैं। जिन लोगों को डायबिटीज की शिकायत है उन्हें इस बीमारी को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने की जरूरत है। इसके लिए उन्हें संतुलित आहार लेना चाहिए, नियमित व्यायाम और एक सही जीवनशैली अपनाना चाहिए।




हालांकि अक्सर जाने-अनजाने में कुछ आम गलतियां हो जाती है जो ब्लड शुगर लेवल को अनियंत्रित कर सकती हैं और दीर्घकालिक स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती हैं। ये गलतियां न केवल दवाइयों के प्रभाव को कम करती हैं, बल्कि जटिलताओं के खतरे को भी बढ़ा देती हैं। इसलिए मधुमेह प्रबंधन में इन गलतियों को समझना और उनसे बचना अत्यंत महत्वपूर्ण है। आइए इस लेख में हम ऐसे ही चार प्रमुख गलतियों के बारे में विस्तार से जानते हैं जिनसे डायबिटीज रोगियों को बचना चाहिए।

### चीनी युक्त भोजन का अधिक सेवन



डायबिटीज रोगी अक्सर भोजन का समय मिठाइयां, कोल्ड ड्रिंक और प्रोसेस्ड फूड खा लेते हैं। यह ब्लड शुगर लेवल को तेजी से बढ़ाता है। हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले खाद्य पदार्थ, जैसे सफेद चावल और मैदा खाने से बचें। इसके बजाय, जामुन, सेब, साबुत अनाज और फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ खाएं। रोजाना एक निश्चित समय पर भोजन करें और छोटे-छोटे अंतराल में भोजन लें।

### व्यायाम की अनदेखी

नियमित व्यायाम डायबिटीज प्रबंधन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन कई लोग इसे नजरअंदाज करते हैं। बिना शारीरिक गतिविधि के ब्लड शगर लेवल बढ़ता है और इंसुलिन सेंसटिवीटी कम होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, सप्ताह में कम से कम 150 मिनट मध्यम तीव्रता का व्यायाम, जैसे तेज सैर या योग, करें। यह रक्त शर्करा को नियंत्रित करता है और वजन प्रबंधन में मदद करता है।

### दवाओं या इंसुलिन का अनियमित सेवन

कुछ डायबिटीज रोगी दवाओं या इंसुलिन का समय पर सेवन नहीं करते, जो खतरनाक हो सकता है। यह हाइपोग्लाइसीमिया (कम शुगर) या हाइपरग्लाइसीमिया (उच्च शुगर) का कारण बनता है। हमेशा डॉक्टर की सलाह के अनुसार दवाएं लें और शुगर लेवल की नियमित जांच करें। यदि दवा का समय भूल जाएं, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

### तनाव और नींद की कमी

तनाव और अपर्याप्त नींद कोर्टिसोल हार्मोन को बढ़ाते हैं, जो ब्लड शुगर लेवल को प्रभावित करता है। डायबिटीज रोगी अक्सर तनाव और नींद की कमी को हल्के में लेते हैं, ये नुकसानदायक हो सकता है। रोजाना 7-8 घंटे की नींद लें और तनाव कम करने के लिए ध्यान, योग या गहरी सांस लें। स्क्रीन टाइम कम करें और सोने से पहले शांत वातावरण बनाएं।

### बचाव

डायबिटीज रोगी नियमित भोजन, व्यायाम, दवाओं का समय पर सेवन और तनाव प्रबंधन पर ध्यान दें। डाइट में जामुन, पपीता और हरी सब्जियां शामिल करें। रोजाना 2-3 लीटर पानी पिएं और तले-भुने खाद्य पदार्थों से बचें।





## वर्कआउट को लेकर अपना अनुशासन खुद तय करें, रहेंगे हमेशा सेहतमंद

हम सभी को पता है कि स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। ऐसे में बहुत से लोगों के मन में सवाल आता है कि एक सप्ताह में कम से कम कितने देर व्यायाम करना चाहिए। आइए जानते हैं इस बारे में।

नियमित व्यायाम स्वस्थ जीवन का आधार है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक तनाव को कम करने, हृदय रोगों से बचाव और ऊर्जा बढ़ाने में भी मदद करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अन्य स्वास्थ्य संगठनों के दिशानिर्देशों के अनुसार, वयस्कों को सप्ताह में कितनी देर और किस प्रकार का व्यायाम करना चाहिए, यह समझना जरूरी है।

### क्या कहता है विश्व स्वास्थ्य संगठन?



विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 18-64 वर्ष के वयस्कों को सप्ताह में कम से कम 150 मिनट मध्यम तीव्रता (मॉडरेट इंटेंसिटी) वाले एरोबिक व्यायाम करने चाहिए। इसे सप्ताह में 4-5 दिन में बांटा जा सकता है, जैसे रोजाना 30 मिनट तेज टहलना या साइकिलिंग करना। इसके अलावा, सप्ताह में कम से कम 2 दिन मांसपेशियों को मजबूत करने वाले व्यायाम, जैसे वेट लिफ्टिंग या बॉडी वेट एक्सरसाइज, करनी चाहिए। ये व्यायाम हृदय स्वास्थ्य, मांसपेशियों की ताकत और हड्डियों को मजबूत करने में मदद करते हैं।

### फायदे

नियमित व्यायाम से हृदय रोग, टाइप-2 मधुमेह, और कुछ कैंसर का जोखिम कम होता है। यह रक्तचाप को नियंत्रित करता है, वजन प्रबंधन में मदद करता है और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। एक अध्ययन के अनुसार, सप्ताह में 150-300 मिनट मध्यम व्यायाम करने से हृदय रोग से मृत्यु का खतरा 25% तक कम हो सकता है। इसके अलावा, मांसपेशियों को मजबूत करने वाले व्यायाम हड्डियों को मजबूत करते हैं और लंबे समय तक मांसपेशियों को मजबूत बनाए रहते हैं।

### शुरुआत कैसे करें

अगर आप व्यायाम शुरू करने जा रहे हैं तो धीरे-धीरे शुरू करें। शुरुआत में रोजाना 10 मिनट टहलें और धीरे-धीरे समय और तीव्रता बढ़ाएं। अगर आप किसी गंभीर बीमारी की दवा खा रहे हैं तो डॉक्टर से सलाह लेकर ही व्यायाम शुरू करें।

### सावधानियां

इस बात का विशेष ध्यान रखें कि सप्ताह में 1-2 दिन जरूर आराम करें ताकि मांसपेशियां आराम कर सकें। इन सब के साथ संतुलित आहार लें, पर्याप्त नींद लें, दिनभर में 2-3 लीटर पानी पीएं। यदि स्वास्थ्य समस्याएं गंभीर हों, तो डॉक्टर से परामर्श लें।



## घर के किस कोने में लगाएं कामधेनु की तस्वीर, आपके लिए जानना जरूरी

कहा जाता है कि कामधेनु गाय की तस्वीर को घर पर लगाना शुभ होता है। आप अगर घर में कामधेनु गाय को रखते हैं, तो इससे घर में बरकत बनी रहेगी। लेकिन इस बार आप इसे घर में रखने की बजाए घर की दीवार पर लगाएं। इससे आपके घर में सकारात्मकता बनी रहती है। पंडित जन्मेश द्विवेदी से जानते हैं इनकी तस्वीर को घर की किस दिशा में लगानी चाहिए।



### इस कोने में लगाएं कामधेनु गाय की तस्वीर

आपके घर में सकारात्मकता बनी रहे। इसके लिए आप कामधेनु गाय को उत्तर पूर्व दिशा में इस तस्वीर को लगाएं। घर की यह सबसे ज्यादा पवित्र दिशा मानी जाती है। यह दिशा भगवान शिव और देवताओं से जुड़ी होती है। कामधेनु गाय की तस्वीर या मूर्ति यहीं लगाने से घर में धन और शांति का वास होता है।

### पूजा के घर में लगाएं कामधेनु गाय की तस्वीर

अगर आपके घर में अलग से पूजा का घर है, तो उसकी उत्तर या पूर्व की दीवार पर कामधेनु की तस्वीर लगा सकते हैं। इससे पूजा का प्रभाव बढ़ता है और धार्मिक ऊर्जा मजबूत होती है। साथ ही, आपके रुके हुए कार्य भी आसानी से हो जाएंगे। इसलिए आप मंदिर की इस दीवार पर कामधेनु गाय की तस्वीर को जरूर लगवाएं।

### इन जगहों पर कामधेनु तस्वीर को लगाने से बचे

आप इस तस्वीर को बाथरूम, स्टोर रूम या सीढ़ियों के नीचे न लगाएं। इससे घर में नेगिटिविटी तस्वीर या मूर्ति न लगाएं। रसोई घर में भी इसे तस्वीर को नहीं लगाना चाहिए। क्योंकि रसोई में अग्नि तत्व होता है। इससे आपके ऊपर असर नेगेटिव पड़ सकता है। तस्वीर फर्श पर न रखें, हमेशा ऊंचाई पर लगाएं रखें।

कामधेनु गाय की तस्वीर घर में लगाना धन, सुख और शांति बनाए रखता है, लेकिन उसे सही दिशा में लगाना बेहद जरूरी है। उत्तर-पूर्व दिशा या पूजा स्थल में इसे स्थापित करें। इसकी नित्य पूजा पाठ करें। साथ ही, आप चाहें तो गाय की तस्वीर के पास एक छोटी सी गुल्लक रखें। इसमें गाय के नाम से कुछ पैसे डालें, ताकि आप गाय के नाम से दान कर सके।

## मिलावट को कहें बाय-बाय, घर पर आसानी से बनाएं शुद्ध देसी घी

सेहत के लिए देसी घी का सेवन काफी अच्छा माना जाता है। डॉक्टर भी बड़ों से लेकर बच्चों तक को घी खाने की सलाह देते हैं, क्योंकि ये शरीर की कई परेशानियों को दूर करने का काम करता है। आपको घर पर देसी घी बनाने की विधि के बारे में जरूर जानना चाहिए।



### घर पर देसी घी बनाने का सामान

घर पर यदि आप बिना मिलावट वाला घी तैयार करना है, तो उसके लिए आपको सिर्फ दो चीजों की जरूरत होती है। इसमें एक है कम से कम आधा किलो मलाई और ठंडा पानी। इन दोनों चीजों की मदद से आप घर पर घी तैयार कर सकते हैं।

### विधि

अब जानते हैं कि ये घी कैसे बनता है। तो इसके लिए सबसे पहले तो कम से कम 15 दिन तक आपको मलाई जमा करनी है। ध्यान रखें कि ये मलाई ज्यादा पुरानी न हो। इसे फ्रिज में ही जमा करके रखें। जब ये इकट्ठा हो जाए तो बारी आती है घी बनाने की। घी बनाने से पहले थोड़ी देर पहले इसे फ्रिज से निकालकर बाहर रख दें।

इसके बाद मलाई को एक बड़े से गहरे बर्तन में डाल लें। अब इसे मथनी से मथकर मक्खन निकालें। यदि मथनी चलाना नहीं आता है तो मिक्सी में डालकर ब्लैंड करें। इसमें थोड़ा-थोड़ा ठंडा पानी डालें और लगातार चलाएं। कुछ मिनट में मक्खन ऊपर तैरने लगेगा और नीचे मट्ठा (छाछ) रह जाएगा। अब मक्खन को छानकर अलग निकाल लें।इसके बाद बारी आती है मक्खन से घी बनाने की तो उसके लिए एक भारी तले वाली कढ़ाई या गहरे बर्तन में मक्खन डालें और धीमी आंच पर पकाना शुरू करें। इस दौरान धीरे-धीरे मक्खन पिघलने लगेगा और झाग बनने लगेगा।

## कार्नर न्यूज

### केंद्र सरकार ने बताए हैं साइबर सुरक्षा के तरीके

# फोन और लैपटॉप को साइबर अटैक से बचाना बड़ी चुनौती, फ्री के 3 सेफ्टी टूल्स फटाफट कर लें इंस्टॉल

साइबर अटैक दिन पर दिन बढ़ते ही जा रहे हैं। एक तरफ लोगों के पासवर्ड तक लीक हो रहे हैं। ऐसे में आपके डिवाइस और डाटा की सिक्योरिटी के लिए सरकार ने कुछ सुरक्षा टूल्स सुझाए हैं। इनकी मदद से आप अपने डिवाइस को सुरक्षित रख सकते हैं।



ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अटैक आजकल बहुत ज्यादा बढ़ चुके हैं। ऐसे में हर वक्त डाटा लीक होने का खतरा बना रहता है। अगर गलती से किसी ने आपका लैपटॉप या फोन हैक कर लिया, तो आपकी मेहनत की कमाई से लेकर प्राइवेट चीजें तक सबकुछ लीक हो सकता है। साइबर अटैक जैसी घटनाएं काफी ज्यादा बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में सरकार ने एक जरूर कदम उठाया है। भारत सरकार ने साइबर अटैक के खतरे को कम करने के लिए कुछ सुरक्षा टूल्स की जानकारी साझा की है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से साइबर अटैक्स पर रोकथाम के लिए ऐसे सुरक्षा टूल्स की जानकारी साझा की गई है, जो आपके डिवाइस को सुरक्षित रख सकते हैं। आइए जानें, सरकार ने साइबर सुरक्षा के लिए कौन-से टूल्स की जानकारी शेयर की है?

### लैपटॉप केलिए सुझाए ये एंटीवायरस

सरकार ने आपके विंडोज लैपटॉप को वायरस और बॉट्स से बचाने के लिए 3 एंटीवायरस सॉफ्टवेयर्स का सुझाव दिया है। इन्हें इंस्टॉल करके आप भी अपने डिवाइस को सुरक्षित रख सकते हैं। ये टूल्स मालवेयर और अन्य साइबर खतरों को रोकते हैं। इनमें के 7 सिक्योरिटी, ई-स्कैन एंटी वायरस और क्विक हील शामिल है। अगर आप एंड्रॉयड फोन इस्तेमाल करते हैं और अपने डिवाइस को साइबर हमले से बचाना चाहते हैं, तो आपको ई-स्कैन एंटीवायरस मोबाइल वर्शन और एम कवच ऐप्स के बारे में जरूर पता होना चाहिए। इनमें ई-स्कैन एंटीवायरस मोबाइल वर्शन खतरनाक बॉट्स और वायरस की पहचान करके उन्हें आपके फोन से हटाने का काम करता है। वहीं एम कवच-2 ई ऐप में आपके फोन को एंटी-थेफ्ट, ऐप ब्लॉकिंग, डेटा सिक्योरिटी और संदिग्ध लिंक से बचाने के लिए कई तरह के शानदार फीचर्स हैं। इस ऐप को सी-डैक हैदराबाद द्वारा मंत्रालय के सहयोग से तैयार किया गया है।

### डिवाइस सेफ्टी टूल्स क्यों जरूरी हैं?

आजकल के साइबर क्राइम का लेवल देखते हुए, केवल पासवर्ड बदलने और एंटीवायरस इंस्टॉल करने से कुछ नहीं होगा। इससे आपके डिवाइस की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होगी। ऐसे में आप भरोसेमंद और सरकारी स्तर पर प्रमाणित इन टूल्स को आराम से यूज कर सकते हैं। इससे आपकी सुरक्षा बनी रहेगी।

### अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षित करें



साइबर अपराधियों द्वारा आपके डेटा तक पहुँच प्राप्त करने का सबसे आम तरीका आपके कर्मचारियों के माध्यम से है। वे आपके संगठन में किसी व्यक्ति का प्रतिरूपण करके धोखाधड़ी वाले ईमेल भेजेंगे और या तो व्यक्तिगत विवरण मांगेंगे या कुछ फ़ाइलों तक पहुँच मांगेंगे। लिंक अक्सर अप्रशिक्षित नज़र से वैध लगते हैं और जाल में फंसना आसान होता है। यही कारण है कि कर्मचारी जागरूकता महत्वपूर्ण है। साइबर हमलों और सभी प्रकार के डेटा उल्लंघनों से सुरक्षा के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है अपने कर्मचारियों को साइबर हमले की रोकथाम के बारे में प्रशिक्षित करना और उन्हें वर्तमान साइबर हमलों के बारे में जानकारी देना।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ब्रैड पिट के घर में संदिग्धों ने की तोड़फोड़ और कीमती समान लेकर हो गए फरार



हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट इस समय अपनी फिल्म 'एफ 1' से चर्चा में हैं। पता चल रहा है कि ब्रैड पिट के लॉस एंजिलस स्थित घर पर कुछ संदिग्धों ने तोड़फोड़ की और सामान लेकर लॉस एंजिल्स पुलिस विभाग ने पुष्टि करते हुए बताया कि लॉस एंजिल्स के लॉस फेलिज पड़ोस में स्थित आवास नॉर्थ एजमोंट स्ट्रीट के 2300 ब्लॉक पर चोरी हुई है। इसके साथ ही एक पुलिस अधिकारी ड्रेक मैडिसन ने कहा कि तीन संदिग्धों ने घर की सामने की खिड़की से घर में घुसकर तोड़फोड़ की और सामान लेकर भाग गए। हालांकि, उन्होंने सार्वजनिक रूप से पुष्टि नहीं की है कि यह घर ऑस्कर विजेता अभिनेता ब्रैड पिट का है । चोरी हुई चीजों के बारे में अभी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया है कि घर का मालिक कौन था या घर में कौन रहता था, इसकी कोई जानकारी नहीं हैं। लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक कहा जा रहा है कि ये चोरी ब्रैड पिट के घर पर हुई है। आपको बताते चलें कि इस समय अभिनेता अपने घर पर मौजूद नहीं हैं, क्योंकि वह अपनी फिल्म 'एफ 1' के प्रचार-प्रसार के लिए देश से बाहर गए हुए हैं।

जोसेफ कोसिंस्की द्वारा निर्देशित 'एफ1' में ब्रैड पिट के साथ डैमसन इदरीस प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। फिल्म में मैक्स वर्स्टैपेन, फर्नांडो अलोंसो, लुईस हैमिल्टन, कार्लोस सैन्ज, एस्टेबन ओकन, जॉर्ज रसेल, लांस स्ट्रोल, लैंडो नॉरिस और चार्ल्स लेक्लर सहित कई रियल लाइफ के फॉर्मूला 1 सितारे इस फिल्म में कैमियो करते नजर आए हैं। यह फिल्म आज यानी 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है।

### टॉलीवुड

## निर्माताओं ने शेयर किया 'कुली' से आमिर का कूल लुक, दाहा के किरदार से जीतेंगे दिल



निर्देशक लोकेश कनगराज की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कुली' से आमिर खान का लुक सामने आ चुका है। इस लुक में आमिर बेहद कूल स्टाइल में नजर आ रहे हैं। रजनीकांत की पैन इंडिया एक्शन फिल्म 'कुली' में आमिर खान के होने की बात सामने आ रही थी। वहीं आज निर्माताओं ने आमिर के दमदार लुक के साथ फिल्म 'कुली' से उनका लुक रिवील कर दिया है। आज फिल्म 'कुली' के निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर आमिर खान का दमदार लुक शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। इस नए लुक के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'कुली की दुनिया से आमिर खान को दाहा के रूप में पेश करते हुए। कुली 14 अगस्त से दुनिया भर के आईमैक्स स्क्रीन पर छाने के लिए तैयार है।'

साउथ सुपरस्टार रजनीकांत फिल्म 'कुली' में नजर आएंगे। कुली एक तमिल भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन लोकेश कनगराज ने किया है। कलानिधि मारन की सन पिक्चर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में रजनीकांत के साथ अलावा नागार्जुन, उपेंद्र, सौबिन शाहिर, सत्यराज, श्रुति हासन, आमिर खान, रेबा मोनिका जॉन, जूनियर एमजीआर, मोनिशा ब्लेसी और काली वेंकट नजर आएंगे। कुली दुनिया भर में 14 अगस्त 2025 को रिलीज होने वाली है। इन दिनों आमिर खान अपनी फिल्म ₹सितारे जमीन पर₹ को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 20 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। वह अब जल्द ही लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित फिल्म ₹कुली₹ में रजनीकांत के साथ भी नजर आएंगे। इसके अलावा वह सनी देओल अभिनीत और राजकुमार संतोषी द्वारा निर्देशित ऐतिहासिक फिल्म ₹लाहौर 1947₹ के निर्माता भी हैं।

### छॉलीवुड

## नवल दास के गीत-संगीत से सजी छत्तीसगढ़ी द्वादश ज्योतिर्लिंग मोर महादेव 25 को रिलीज



राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित फिल्म साउंड ऑफ वाटर के निर्माता श्रवण कुमार राठौर अब दर्शकों के लिए छत्तीसगढ़ी फिल्म ₹द्वादश ज्योतिर्लिंग मोर महादेव₹ लेकर आ रहे हैं। आगामी 25 जुलाई को यह फिल्म संपूर्ण छत्तीसगढ़ में रिलीज हो रही है। इसे पंडित प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले का भी आर्शीवाद मिला है, उन्हीं के हाथों फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया गया और उन्हें फिल्म से संबंधित संपूर्ण जानकारी दी गई। इस फिल्म की खास बात यह है कि इसमें दर्शकों को 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन होंगे साथ ही एक पारिवारिक कहानी और सुमधुर गीत संगीत का भी आनंद मिलेगा। इस फिल्म का निर्माण डी.सी. फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले किया गया है। ऐसे तो इस फिल्म में ढेर सारे कलाकारों ने अभिनय किया है लेकिन मुख्य भूमिका सुपर स्टार प्रकाश अवस्थी, नैनी तिवारी, श्रवण कुमार राठौर ने निभाई है। इनके अलावा फिल्म में योगेश अग्रवाल, डॉ अजय सहाय, संतोष जैन, नवलदास मानिकपुरी, अखिलेश वर्मा, संजय तेलंग, मुस्कान चौहान एवं संतोष प्रकृति ने भी अभिनय किया है तथा फिल्म में अरुण जॉनसन (तम्बी) एवं स्व. जसबीर कोमल ने क्रियेटिव डायरेक्टर के रूप में कार्य किया है। फिल्म को गीत-संगीत से नवल दास मानिकपुरी एवं स्वं जसबीर कोमल ने सजाया है। संगीत संयोजन पं. विवेक नीलेश शर्मा का है। तथा फिल्म में 8 गाने है जो भक्ति स्वरूप एवं आरती के रूप में आपको सुनाई देंगे। फिल्म में ढेर सारे देवी देवताओं के गेट अप में छत्तीसगढ़ के कलाकार नजर आएंगे यह उनके लिए एक सुखद क्षण होगा जब वह अपने आप को देवी देवताओं के रूप में पर्दे पर देखेंगे।




नई दिल्ली में इंडिया कॉउचर फैशन वीक में जलवा दिखाते मॉडल गौरव गुप्ता, रिमज़िन डैडी, राहुल मिश्रा और ईशा जे की डिजाइन चर्चा में रही। रचनात्मकता, विलासिता और सांस्कृतिक विरासत के शानदार उत्सव में ट्रेडिशन और इनोवेशन का काम्बिनेशन दर्शकों को देखने मिला। यहां जैसे ही पर्दा उठा, रनवे पर ऐसे डिज़ाइनों की धूम मच गई, जो भारत के समृद्ध इतिहास और समकालीन स्वभाव के बारे में बहुत कुछ बयां करते हैं।

## बादाम से आप भी चेहरे को बना सकती हैं खूबसूरत



अगर आप भी अपने चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखना चाहती है और स्किन प्रॉब्लम से बचना चाहती है, तो ब्यूटी एक्सपर्ट के बताएं इस खास होममेड बादाम स्क्रब को घर पर बनाकर ट्राई कर सकती हैं। मानसून के सीजन में अगर आप भी अपने चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखना चाहती है और स्किन प्रॉब्लम से बचना चाहती है, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको ब्यूटी एक्सपर्ट की मदद से होममेड बादाम स्क्रब के बारे में बताएंगे, जिसका इस्तेमाल कर आप अपने चेहरे पर जमी गंदगी को कम कर सकती हैं।

### बादाम का इस्तेमाल कर बनाएं स्क्रब

ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी ने बताया कि अधिकतर महिलाएं चेहरे पर होने वाली टैनिंग और पिंपल्स जैसी परेशानियों का सामना करती है, लेकिन अब आप बादाम का इस्तेमाल कर घर पर स्क्रब तैयार कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत लगेगी। इनमें बादाम ,सफेद तिल ,एसेंस ऑयल और जैस्मीन ऑयल शामिल हैं।

### बादाम से स्क्रब बनाने का तरीका -

अगर आप भी घर पर बादाम का इस्तेमाल कर स्क्रब बनाना चाहती हैं, तो सोने से पहले रात में 5 से 6 बादाम और थोड़ी सफेद तिल को एक पानी में भिगोकर रख दें। दूसरे दिन सुबह आप पानी के अलग कर बादाम और तिल को जार में डाल दें। अब आप इसे मिक्सर या ब्लेंडर की मदद से पीसकर पेस्ट बना ले। बादाम से बने इस पेस्ट के अंदर आप एसेंस ऑयल डाल सकती हैं। आप चाहे तो जैस्मीन ऑयल भी इस्तेमाल कर सकती हैं। यह चेहरे के लिए बेस्ट फायदेमंद होता है।

अगर आप बॉडी की टैनिंग हटाना चाहती है, तो इस स्क्रब को बॉडी पर 10 मिनट के लिए लगाकर रखें। अगर आप इसे चेहरे के लिए इस्तेमाल कर रही है, तो 5 मिनट तक इसे लगाकर रखें। उसके बाद हल्के हाथों से चेहरे को रब करें। स्क्रब का आप हफ्ते में दो बार इस्तेमाल कर सकती हैं। स्क्रब का इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें।अगर आपको किसी तरह की कोई एलर्जी होती है, तो डर्मेटोलॉजिस्ट या एक्सपर्ट की राय जरुर ले।

## फ्रॉक पैटर्न की कुर्ती डिजाइन खूब खिलेगी कॉलेज गर्ल्स पर



अगर आप सावन के महीने में पहनने के लिए आउटफिट तलाश रही है, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप कम खर्च में खूबसूरत फ्रॉक पैटर्न कुर्ती ट्राई कर सकती है।

कॉलेज जाने वाली अधिकतर लड़कियों के मन में हमेशा आउटफिट को लेकर कन्फ्यूजन बना रहता है। रोजाना एक जैसे कपड़े पहनकर जाने से कुछ लड़कियों को शर्मिंदगी महसूस हो सकती है। ऐसे में अगर आप सावन के महीने में पहनने के लिए आउटफिट तलाश रही है, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप कम खर्च में खूबसूरत फ्रॉक पैटर्न कुर्ती ट्राई कर सकती है।

### पिंक कलर प्रिंटेड फ्रॉक पेटर्न कुर्ती



सावन के महीने में आप अपने कॉलेज में इस खूबसूरत पिंक कलर प्रिंटेड फ्रॉक पेटर्न कुर्ती को ट्राई कर अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेर सकती हैं। इस तरह की कुर्ती आपको ऑनलाइन मिल जाएगी या आप बाजार से कपड़ा लेकर टेलर की मदद से इसे बनवा भी सकती है। इस कुर्ती के साथ आप वाइट कलर का प्लाजो या पैंट शामिल कर सकती है।

### व्हाइट कलर प्रिंटेड फ्रॉक पेटर्न कुर्ती


यही नहीं अगर आप सावन सोमवार के दिन अपने कॉलेज में डिफरेंट लुक क्रिएट कर जाना चाहती है, तो पेंट, जींस या प्लाजो के साथ इस खूबसूरत व्हाइट कलर प्रिंटेड फ्रॉक पेटर्न कुर्ती को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की कुर्ती आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगी। इसके साथ आप मेकअप और एक्सेसरीज भी शामिल कर सकती हैं।

### रेड कलर फ्लोरल प्रिंट शॉर्ट कुर्ती



सावन के महीने में अगर आप अपनी खूबसूरती से अपने दोस्तों को खुश करना चाहती है या कॉलेज में डिफरेंट लुक क्रिएट करना चाहती है, तो आप इस खूबसूरत रेड कलर फ्लोरल प्रिंट शॉर्ट कुर्ती को ट्राई कर सकती है। इस तरह की कुर्ती को आप बनवा सकती है या ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं।

## पसीने की बदबू दूर करने घर पर बनाएं नेचुरल डिओडोरेंट और दिनभर रहें फ्रेश



बारिश का मौसम बहुत अच्छा लगता है, लेकिन इस दौरान नमी और उमस भी बढ़ जाती है। इसी उमस की वजह से हमें बहुत पसीना आता है और फिर पसीने से बदबू आने लगती है। ऐसे में महंगे परफ्यूम और डियोडोरेंट भी ज्यादा काम नहीं करते इसलिए, आज हम आपको घर पर ही नैचुरल डियोडोरेंट बनाने का तरीका बता रहे हैं।

### नैचुरल डियोडोरेंट क्यों बेहतर है?

घर पर बना नैचुरल डियोडोरेंट इस्तेमाल करने से न केवल बदबू से छुटकारा मिलता है, बल्कि यह आपकी स्किन के लिए भी फायदेमंद होता है। होममेड डियोडोरेंट में कोई केमिकल नहीं होता और यह ज्यादा देर तक असरदार रहता है। आप इसे सेंसिटिव स्किन पर भी लगा सकते हैं, इससे जलन नहीं होती। घर पर बना डियोडोरेंट सस्ता होता है और आप इसे बनाकर लंबे समय तक चला सकते हैं।

### बेकिंग सोडा और नारियल तेल का डियोडोरेंट

पसीने की बदबू दूर करने वाला बेकिंग सोडाः 2 बड़े चम्मच,पसीने को सोखने वाला कॉर्नस्टार्चः 2 बड़े चम्मच स्किन को मॉइश्चराइज करने के लिए नारियल तेलः 3 बड़े चम्मच बैक्टीरिया मारने वाला टी ट्री ऑयलः 4–5 बूँदें हल्की और सुकून देने वाली ख़ुशबू के लिए लैवेंडर ऑयलः 4-5 बूंदें

कैसे बनाएंः सबसे पहले एक काँच की कटोरी में बेकिंग सोडा और कॉर्नस्टार्च मिलाएं। फिर, इसमें नारियल तेल डालकर अच्छी तरह मिलाएं। तब तक मिलाते रहें जब तक यह क्रीमी न बन जाए। आखिर में टी ट्री ऑयल और लैवेंडर ऑयल मिलाएं। इसके बाद इसे एक छोटे डिब्बे या हवा-बंद जार में भरकर रखें। रोजाना नहाने के बाद अंडरआर्म्स पर एक चुटकी लगाएं।

## बाजूबंद के डिजाइन लगा देंगे चार चांद



अगर आप सावन के महीने में आउटफिट के साथ कैसी एक्सेसरीज पहने इस बात को लेकर परेशान हैं, तो आज हम आपको कुछ ऐसे लेटेस्ट बाजूबंद डिजाइन बताएंगे, जिन्हें ट्राई कर आप अपने लुक को गॉर्जियस बना सकती हैं।

### फ्लोरल लटकन बाजूबंद डिजाइन

इस साल सावन के महीने को अगर आप यादगार बनाना चाहती हैं, तो किसी भी सोमवार के दिन पूजन के दौरान आप अपने साड़ी या सूट के साथ इस खूबसूरत फ्लोरल लटकन बाजूबंद डिजाइन को ट्राई कर सकती है।

ऐसी आर्टिफिशियल डिजाइन आपको ऑनलाइन मिल जाएगी या आप गोल्ड में इसे बनवा भी सकती हैं।

### फ्लोरल चैन बाजूबंद

यही नहीं अगर आप सावन के महीने में शिव अभिषेक के दौरान राजपूती पोशाक या लहंगा चोली पहन रही है, तो अब आप अपने आउटफिट को एलिगेंट टच देने के लिए इस खूबसूरत फ्लोरल चैन बाजूबंद को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह का बाजूबंद आपको रॉयल और क्लासी टच देने में मदद करेगा।

### मोर डिजाइन बाजूबंद

यही नहीं इन दोनों मोर डिजाइन वाले बाजूबंद भी बेहद चर्चा में है। अधिकतर महिलाओं को मोर वाली डिजाइन के बाजूबंद खूब पसंद आते हैं। ऐसे में आप इस साल सावन के महीने में पूजन के दौरान अपने आउटफिट के साथ इस खूबसूरत मोर डिजाइन वाले बाजूबंद को ट्राई कर सकती हैं। इसे पहनकर आप अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं।

### गुट्टापुसालु झालर बाजूबंद

इस साल सावन के महीने में अपने लुक को स्पेशल और डिफरेंट बनाने के लिए आप साड़ियां राजस्थानी ड्रेस के साथ इस खूबसूरत गुट्टापुसालु झालर बाजूबंद को शामिल कर सकती है। इस तरह के बाजूबंद आपके लुक को गॉर्जियस और एलिगेंट टच देने में मदद करेंगे।

कार्नर न्यूज

बियर्ड ट्रिम करना हो तो बरतें सावधानी

## घर पर बियर्ड ट्रिम करते हुए हो जाए गलती तो इन टिप्स से लें मदद, खिल उठेगा आपका चेहरा

घर पर बियर्ड ट्रिमिंग करना कोई बड़ी बात नहीं है। लेकिन ऐसा करते हुए इसमें गलतियां कर देना बड़ी बात है। कुछ गलतियां तो इतनी बड़ी होती हैं कि आपका लुक ही बिगाड़ देती हैं। इसलिए जरूरी है कि कुछ आम गलतियों को पहचान लिया जाए। पहचान लिया जाए कि कौन सी गलतियां लोग आमतौर पर करते हैं ताकि आप वो गलती बिल्कुल न करें और आपका बियर्ड लुक न बिगड़ें। कौन-कौन सी हैं बियर्ड ट्रिमिंग से जुड़ी गलतियां जान लेते हैं।



ट्रिमिंग कब करें

ज्यादातर पुरुष बियर्ड के बहुत बढ़ जाने के बाद ही ट्रिमिंग करते हैं। और फिर इतना ट्रिम कर देते हैं कि लुक खराब लगने लगता है। जबकि बालों को ट्रिम करने के बाद बियर्ड की लंबाई कम से कम 1 सेंटीमीटर तक होनी चाहिए। इससे कम होने पर बियर्ड आपके चेहरे पर खराब दिखती है।

गर्दन और कलम के बाल

बियर्ड ट्रिम हो जाने के बाद अक्सर पुरुष कलम और गर्दन के बालों को ट्रिम करते ही नहीं हैं। जबकि ट्रिम बियर्ड तब ही सही लगती है जब कलम और गर्दन के पास भी इन्हें अच्छे से ट्रिम किया जाए। ऐसा करने के लिए ट्रिमर की सेटिंग थोड़ी कम करें। फिर जहां भी बाल ज्यादा हों ट्रिम कर दें।

### बहुत छोटी मूंछ

मूंछों को जरूरत से ज्यादा छोटा कर देना भी चेहरे के लुक को फुल मार्क्स नहीं मिलने देता है। इससे मूंछों का जुड़ाव दाढ़ी से टूट जाता है।इसलिए जरूरी है कि मूंछों को जरूरतभर ही ट्रिम किया जाए। मूंछों को उतना ही छोटा करें कि उसका जुड़ाव दाढ़ी से कम न हो। और दाढ़ी मूंछे आपस में जुड़ी रहें।

### होंठों के किनारे

मूंछें होंठों के किनारों पर अक्सर कम होती हैं। ट्रिम करते हुए इन बालों का ध्यान रखना पड़ता है। क्योंकि अगर पूरी मूंछ एक जैसी ट्रिम करेंगे तो इन किनारों पर और भी छोटी हो जाएगी।इसलिए ट्रिम करते हुए इन बालों को समानुपात में ही काटें। वरना दाढ़ी के साथ इस जगह के बाल बहुत कम होंगे और बुरे भी लगेंगे।

### बियर्ड की सफाई

जिस तरह से सिर के बालों की सफाई न करने पर इसमें गंदगी जम जाती है, फिर बालों की क्वालिटी पर इसका असर पड़ता है। ठीक वैसे ही दाढ़ी के बालों की सफाई न करने पर इसमें गंदगी जम जाती है और फिर इसका असर भी दिखने लगता है। दाढ़ी पर तो कई बार खाना भी गिर सकता है। इसलिए दाढ़ी के बालों की सेटिंग और स्टाइल पर ध्यान देने के साथ इसकी सफाई पर भी ध्यान दें।

